


हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP




महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 26 फरवरी 2025 | अंक 135/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार


# सीबीएसई 10वीं का एग्जाम 2026 से साल में 2 बार

## पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक, दूसरी 5 से 20 मई तक होगी




### शुरुआत में सिर्फ 10वीं बोर्ड के लिए आएगा नियम

शुरुआत में, केंद्र सरकार सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू करना चाहती है। सीबीएसई अधिकारी के मुताबिक, क्लास 12वीं के स्टुडेंट्स के लिए इसे कब शुरू किया जाए, इस पर विचार तभी किया जाएगा, जब 10वीं में दो बार परीक्षा कितनी सफल साबित होती है, इसके बेसिस पर ही फैसला लिया जाएगा।

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025-26 सत्र से साल में 2 बार 10वीं के बोर्ड एग्जाम कराने वाले ड्राफ्ट रेगुलेशन को मंजूरी दी है। ड्राफ्ट पर सभी स्टेकहोल्डर्स 9 मार्च तक अपना फीडबैक दे सकते हैं। इसके बाद इस पॉलिसी को फाइनल किया जाएगा।

ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, एग्जाम का पहला फेज 17 फरवरी से 6 मार्च तक चलेगा, जबकि दूसरा फेज 5 मई से 20 मई तक चलेगा। परीक्षा शुल्क दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन करते समय एक साथ लिया जाएगा। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने पिछले सप्ताह 19 फरवरी को सीबीएसई बोर्ड सचिव और दूसरे शिक्षाविदों के साथ साल में 2 बार बोर्ड एग्जाम कराने को लेकर चर्चा की थी। शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई, एनसीईआरटी, केवीएस, एनवीएस और कई स्कूल पदाधिकारियों के साथ साल में 2 बार परीक्षाएं कराने पर चर्चा की जिसके बाद ये फैसला लिया गया। अगस्त 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया था।

इस दौरान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था- जिस तरह स्टूडेंट्स के पास साल में दो साल इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देने का ऑप्शन होता है उसी तरह स्टूडेंट्स 10वीं के एग्जाम साल में दो बार दे सकेंगे। सीबीएसई की परीक्षा साल में दो बार होने के बाद, स्टूडेंट्स के टॉप स्कोर को फाइनल माना जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स के पास तीन ऑप्शन हो सकते हैं साल में एक बार परीक्षा दें। दोनों परीक्षाओं में शामिल हों। किसी सब्जेक्ट में अच्छा परफॉर्म न कर पाने पर, दूसरी परीक्षा में उस विषय को दोबारा देना।

सूत्रों के मुताबिक, अगर साल में दो बार परीक्षा का सिस्टम शुरू होता है, तो सीबीएसई को पेपर के बीच के इस अंतर को काफी कम करना पड़ सकता है। ताकि यह तय हो सके कि दोनों परीक्षाएं आयोजित की जाएं और जून तक सभी रिजल्ट घोषित किए जाएं। इसका मतलब यह हो सकता है कि परीक्षाएं एक सप्ताह या 10 दिन में ही खत्म करनी होंगी। मंत्रालय ने सरकार को एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए विदेशी स्कूलों के लिए ग्लोबल सिलेबस शुरू करने का भी आदेश दिया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीबीएसई को अगले एकेडमिक ईयर में विदेशी स्कूलों के लिए सीबीएसई सिलेबस शुरू करने लिए एक प्लान तैयार करने को कहा है। बैठक के मुताबिक, सीबीएसई अगले साल से ड्यूल एग्जामिनेशन सिस्टम को शुरू करेगा। बोर्ड क्लास 10वीं की बोर्ड परीक्षा को दो हफ्ते में ही खत्म करने पर भी विचार कर रहा है।

10वीं बोर्ड का एग्जाम प्रोग्राम ऐसे तैयार किया जाता है कि स्टूडेंट ने अगर एक साथ दो सब्जेक्ट सिलेक्ट किए हैं, तो दो पेपर एक साथ न एक ही तारीख को न हों। मतलब एक महीने का शेड्यूल होगा, जिसमें कभी-कभी दो पेपर के बीच तीन से लेकर 10 दिन का अंतर भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, इस साल क्लास 10वीं बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू हुईं हैं और 18 मार्च 2025 तक चलेंगी।

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 स्टूडेंट्स को और ज्यादा मौके देने के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षाओं को प्रपोज कर रही है। बोर्ड परीक्षाएं आमतौर पर फरवरी में शुरू होती हैं, और यह टाइम लिमिट नई दो-एग्जाम प्रोसेस के साथ जारी रहने की संभावना है।

सूत्रों ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में ज्यादा सर्दियों की स्थिति के कारण पहले एग्जाम करवाना मुश्किल और चैलेंजिंग होगा। इससे स्टूडेंट्स के पास पढ़ने का समय भी कम हो जाएगा। पिछले साल अगस्त में शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क रिलीज किया था। एनसीएफ में भी स्टूडेंट्स को साल में दो बार बोर्ड एग्जाम देने का ऑप्शन देने की बात थी।

अक्टूबर 2023 में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा था कि साल में दो बार बोर्ड एग्जाम होंगे लेकिन स्टूडेंट्स को दोनों बार एग्जाम देना जरूरी नहीं होगा। स्टूडेंट्स जब चाहें उस अटेम्प्ट में बोर्ड एग्जाम दे सकते हैं। अगस्त 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया था।

इस दौरान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था- जिस तरह स्टूडेंट्स के पास साल में दो साल इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देने का ऑप्शन होता है उसी तरह स्टूडेंट्स 10वीं के एग्जाम साल में दो बार दे सकेंगे।

### सप्लीमेंट्री परीक्षा खत्म होगी

नए सिस्टम के लागू होने के बाद सप्लीमेंट्री परीक्षा नहीं होगी। स्टूडेंट्स को ऑप्शन मिलेगा कि वे साल में एक बार एग्जाम दें या दोनों एग्जाम में शामिल हों। यदि कोई स्टूडेंट दोनों परीक्षाएं देता है, तो उसके बेस्ट स्कोर को ही फाइनल माना जाएगा। साथ ही, यदि कोई स्टूडेंट किसी सब्जेक्ट में अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाता है, तो वह दूसरी बार में उस सब्जेक्ट को दोबारा दे सकेगा। सूत्रों की मानें तो जरूरी नहीं होगा कि स्टूडेंट पहली और दूसरी परीक्षा में सभी सब्जेक्टस का एग्जाम दे और दूसरी में भी वही दोहराए। वह अपने नंबर में सुधार के लिए सिर्फ उस सब्जेक्ट की परीक्षा दे सकेगा जिसमें उसके मार्क्स अच्छे नहीं हैं।





## खबरें! एक नजर में!

### राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के खिलाफ जुटे किसान

**नई दिल्ली.** पंचकूला सेक्टर-5 धरना स्थल पर आल इंडिया किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसान प्रदर्शन करने आए हैं। किसानों ने कहा कि नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग के शीर्षक से राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति का मसौदा तीन काले कृषि कानूनों की वापसी का है। सरकार मंडियों को ध्वस्त कर निजी हाथों में दे रही है। इसका किसानों ने विरोध किया। इसके बाद किसानों ने सीएम आवास का घेराव करने के लिए आगे बढ़ना शुरू किया तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

### पूर्व सैन्य अफसर के खिलाफ चार्जशीट खारिज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सैन्य अधिकारी के खिलाफ दुष्कर्म मामले में दाखिल की गई चार्जशीट को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सेवानिवृत्त कैप्टन राकेश वालिया को राहत दी। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपपत्र को खारिज न करके गलती की। पूर्व सैन्य अधिकारी के वकील अश्विनी दुबे ने कहा कि शिकायतकर्ता की गवाही से पता चलता है कि कोई अपराध नहीं हुआ था और एफआईआर रद्द की जानी चाहिए। महिला यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाकर उगाही की धमकी देने वाला रैकेट चलाती थी। उसने पिछले आठ वर्षों में याचिकाकर्ता सहित नौ अलग-अलग लोगों के खिलाफ सात अलग-अलग पुलिस थानों में सात एफआईआर दर्ज की गईं।

### केरल स्थानीय निकाय उपचुनाव में 15 वार्डों में एलडीएफ की जीत

**नई दिल्ली.** केरल में स्थानीय निकाय उपचुनाव में सीपीआई एम के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एलडीएफ ने 30 में से 15 वार्डों में जीत हासिल की है। जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ को 12 वार्डों में जीत मिली। वहीं शेष तीन वार्डों में निर्दलीय जीते। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए को कहीं भी जीत नसीब नहीं हुई। यूडीएफ का दावा है कि उसकी सीटें 10 से बढ़कर 12 हो गईं हैं। जबकि एलडीएफ को तीन सीटों का नुकसान हुआ।

### गुजरात के द्वारका जिले में मंदिर से शिवलिंग चोरी

**नई दिल्ली.** गुजरात के द्वारका जिले में महाशिवरात्रि से एक दिन पहले एक मंदिर से पत्थर का शिवलिंग चोरी हो गया। पुलिस ने शिवलिंग बरामद करने और आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि अरब सागर के तट पर बने भीडभंजन भवनीश्वर महादेव मंदिर के पुजारी जब सुबह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि किसी ने शिवलिंग को उसके स्थान से उखाड़ दिया और चोरी कर लिया। बाकी सारी चीजें मंदिर में जहां की तहां हैं। शिवलिंग का आधार समुद्र तट के पास पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है शिवलिंग को समुद्र में फेंका गया होगा। गोताखोरों की टीम ने समुद्र के अंदर शिवलिंग की खोज की। पुलिस की शिवलिंग की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं। साथ ही चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# डबल इंजन की स्पीड से बना एडवांटेज असम

## पीएम मोदी बोले- बीजेपी के राज में इकोनॉमी दो दुगुनी

**नई दिल्ली.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा में दो दिनों के एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया. उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि जब से बीजेपी सरकार असम में आई है तब से असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर 6 लाख करोड़ रुपये हो गया है. यह डबल इंजन सरकार और डबल इंजन की स्पीड का असर है.

पीएम मोदी ने आगे कहा कि पूर्वी भारत और नॉर्थ-ईस्ट की पवित्र धरती पर आज नए भविष्य की शुरुआत हो रही है. ये एडवांटेज असम 2.0 पूरी दुनिया को असम की संभावनाओं और प्रगति से जोड़ने का महाअभियान है. इतिहास गवाह है कि पहले भी भारत की समृद्धि में ईस्टर्न इंडिया का बहुत बड़ा रोल था. आज जब हमारा देश भारत विकसित होने की तरफ कदम बढ़ा रहा है तो एक बार फिर से हमारा नॉर्थ-ईस्ट अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है. आज भारत, दुनिया के अलग-अलग इलाकों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है. ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि आज की ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भी दुनिया के कई विशेषज्ञ एक बात को लेकर निश्चिंत हैं और वो है भारत का तेज विकास. भारत पर इस भरोसे की बहुत ठोस वजह है. पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत आने वाले 25 सालों की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए, एक के बाद एक कदम उठा रहा है, बड़े पैमाने पर काम कर रहा है. आज दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है जो बहुत तेजी से स्किल्ड हो रही है.

आज दुनिया को भारत के नव मध्यम वर्ग पर भरोसा है, जो गरीबी से बाहर निकलकर नई आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है.

### अडानी करेंगे 50 हजार करोड़ का इन्वेस्ट

अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन में कहा कि पीएम मोदी के विजन की शुरुआत साल 2003 में गुजरात से हुई थी. वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में पीएम मोदी का विजन साफ देखने को मिला. जिस जोश के साथ उसकी शुरुआत हुई थी, उसने देश के सभी राज्यों को प्रेरित किया. गौतम अडानी ने अडानी ग्रुप की ओर से असम में 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो कि एयरपोर्ट्स, एयरोसिटी, सिटी गैस और सड़क परियोजनाओं पर केंद्रित होगा. ये निवेश रोजगार के हजारों अवसर पैदा करेगा.

# आर्मी कैप्टन के खिलाफ रेप मामले में आरोपपत्र खारिज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक पूर्व सैन्य अधिकारी के खिलाफ कथित रेप के मामले में दायर आरोपपत्र को खारिज कर दिया. कोर्ट ने कहा कि यह 'कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग' है. सेना में कैप्टन रहे राकेश वालिया ने आरोपपत्र के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी. इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट ने आरोपपत्र खारिज न करने का फैसला कर गलती की है. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जज के विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में रिटायर्ड कैप्टन राकेश वालिया को राहत दी है. वहीं याचिकाकर्ता की ओर से वकील अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि शिकायतकर्ता की गवाही से पता चलता है कि कोई अपराध नहीं हुआ और एफआईआर रद्द की जानी चाहिए.

# 24 गेम चेंजर योजनाओं से प्रदेश को उत्कृष्ट बनाने की तैयारी



**नई दिल्ली.** सरकार ने 24 विभागों की गेम चेंजर योजनाओं पर बजट में खास फोकस किया है। दो वर्षों के भीतर इन योजनाओं का असर धरातल पर नजर आएगा। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में सरकार ने इनका जिक्र किया है। माना जा रहा है कि सशक्त उत्तराखंड 25 की परिकल्पना को इससे साकार किया जा सकेगा। 1-कृषि : ई-रूपी योजना। यह कैश का डिजिटल फॉर्म है। बुनियादी ढांचे जैसे डिजिटल पेमेंट सिस्टम, सुरक्षा प्रणाली विकसित होगी। दूरस्थ गांवों तक वित्तीय सेवाएं मिलेंगी। कार्बन फुटप्रिंट कम होगा। राजस्व बढ़ेगा। कागज व धातु का उपयोग कम होगा। इसके लिए बजट में 25 करोड़ दिए गए हैं।2-बदरी: केदार मंदिर समिति: शीतकालीन चारधाम यात्रा योजना। शीतकालीन चारधाम यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्मी हस्तियों, प्रतिष्ठित खिलाड़ियों व विभिन्न क्षेत्रों के ख्याति प्राप्त महानुभावों से संपर्क कर उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। इनकी सेवाएं भी ली जा सकती हैं। वाइब्रेंट विलेज योजना। स्थानीय उत्पादों जैसे जीवित बकरी, भेड़, कुक्कुट, ट्राउट मछली की आपूर्ति आईटीबीपी को देकर हर साल 20 करोड़ व्यावसाय।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी महिला को जमानत

## कहा: कोई मां अपने बच्चे को नहीं मार सकती

**मुंबई.**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक 28 साल की महिला को जमानत दी, जिसे अपने सात साल के बेटे को पीटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने कहा कि कोई भी मां अपने बच्चे को नहीं मार सकती। जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पाया कि शिकायतकर्ता पिता और आरोपी मां के बीच वैवाहिक विवाद का असर बच्चे पर पड़ा और वह इस स्थिति का शिकार बन गया था। कोर्ट ने कहा कि बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि वह मिर्गी और नियमित दौरे से पीड़ित है और कुपोषण व एनीमिया से पीड़ित है। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि विभिन्न दस्तावों से पता चलता है कि आरोपी मां ने बच्चे की देखभाल और मदद करने में परेशानी उठाई है। महिला को अक्तूबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था और तबसे वह हिरासत में थी। नाबालिग लड़के के जैविक पिता की शिकायत पर मुंबई के दहिसर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी अलग रह रही पत्नी और उसके साथी ने कई मौकों पर बच्चे का उत्पीड़न किया और एक बार उसे जान से मारने का भी प्रयास किया। हालांकि, हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया सभी आरोप विश्वास के लायक नहीं हैं। 15 हजार रुपये के निजी मुचलके पर महिला को जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा, कोई भी मां अपने ही बच्चे को पीटने के बार में नहीं सोच सकती। कोर्ट ने यह भी गौर किया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तारी के समय कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया था, जैसे गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देना।

# यूसीसी पोर्टल पर सरकारी कर्मचारियों का विवाह पंजीकरण अनिवार्य



**नई दिल्ली.** सरकारी सेवा में कार्यरत सभी विवाहित कर्मचारियों के लिए यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के मुखिया को नोडल अफसर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। जिन कर्मचारियों का विवाह 26 मार्च 2010 के बाद हुआ है, उनके लिए यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नोडल अफसर अपने जिलों के कर्मियों का समयबद्ध पंजीकरण करा रिपोर्ट सचिव गृह को भेजेंगे। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं, मुख्य सचिव राधा ने यूसीसी पोर्टल पर निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए निदेशक आईटीडीए को निर्देश दिए हैं। कहा है कि वे जिलों और विभागों को आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएं। यदि किसी जिले या विभाग को तकनीकी आवश्यकता होगी तो वे तत्काल उनसे संपर्क करें।

# स्टालिन ने लोकसभा परिसीमन का किया विरोध

## कहा– हम एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार

**नई दिल्ली.**



तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति की तीन भाषा नीति को लेकर विवाद चल रहा है। अब तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य में लोकसभा परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा के लिए पांच मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला लिया गया है। सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद सीएम स्टालिन ने कहा कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु पर आठ लोकसभा सीटें कम होने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि तमिलनाडु ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को लागू करके जनसंख्या नियंत्रण किया है। सीएम ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों को सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक मतभेदों को दूर करके एकजुट होकर बैठक में शामिल होने की अपील की।

सीएम ने कहा कि परिसीमन के नाम पर दक्षिणी राज्यों पर तलवार लटक रही है। तमिलनाडु ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के जरिये जनसंख्या नियंत्रण किया है। तमिलनाडु में जनसंख्या कम है इसलिए लोकसभा सीटों में कटौती हो सकती है। हम करीब आठ सीटें खोने जा रहे हैं और इसके बाद हमारे केवल 31 सांसद होंगे। मौजूदा समय में संसद में तमिलनाडु के 39 सांसद हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिनिधित्व संसद में कम हो जाएगा। तमिलनाडु की आवाज़ दबाई जा रही है। यह तमिलनाडु के अधिकारों का मामला है। सभी नेताओं और राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर पार्टी लाइन से हटकर एक साथ बोलना चाहिए। बैठक में तीन-भाषा नीति पर चर्चा को लेकर स्टालिन ने कहा कि एनईपी, केंद्रीय कोष और एनईईटी जैसे मुद्दों पर संसद में आवाज उठाने के लिए पर्याप्त संख्या में सांसदों की आवश्यकता है। हम इसके लिए तैयार हैं।

### तीन भाषा नीति को लेकर चल रहा विवाद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बीच बीते कई दिनों से जुबानी जंग जारी है। बीते दिनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तमिलनाडु में लागू करने से स्टालिन के इनकार पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं स्टालिन, केंद्र सरकार पर जबरन राज्य में इसे लागू करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने राज्य पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। इस आरोप का केंद्र सरकार ने खंडन किया है।

CMYK

# पूरी दुनिया में परचम लहरा रहा है बिहार का मखाना

> इन देशों में है सबसे ज्यादा डिमांड

**नई दिल्ली.**



बिहार के सुपर फूड मखाना का जिक्र पीएम मोदी कई बार कर चुके हैं. उन्होंने मखाना को सुपरफूड का दर्जा देते हुए कहा कि वो खुद इसे साल में 300 दिन खाते हैं. बजट में भी बिहार को दिए गए बजट में मखाना बोर्ड बनाने की चर्चा की गई. अब हाल ही में पीएम मोदी ने इस सुपर फूड मखाना को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने की बात कही है. बिहार का मखाना भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में परचम लहरा रहा है. अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक इस सुपर सुपर फूड की गजब की डिमांड है. हर साल कई टन मखाना इन देशों में निर्यात किया जाता है. ऐसे में आइए जानते हैं कितना बड़ा है सुपर फूड मखाना का कारोबार ?

रिपोर्ट्स की माने तो भारत में मखाना का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है. अनुमान के मुताबिक भारत में मखाने का मार्केट करीब 8 अरब रुपयों का है. वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2032 तक ये मार्केट करीब 19 अरब रुपयों का हो जाएगा. वहीं, मखाना को वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने की ओर सरकार अब बढ़ रही है. बजट में ऐलान के बाद बिहार सरकार का लक्ष्य 2035 तक मखाना के प्रोडक्शन क्षेत्र को 70,000 हेक्टेयर तक बढ़ाना है, जिससे मखाना का उत्पादन 78,000 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा.जिसके परिणामस्वरूप इसका उत्पादन दोगुना होकर अब 56,000 टन से भी ज्यादा हो गया है.

मखाने की डिमांड भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है. बिहार का मखाना अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, मालदीव में निर्यात किया जाता है. बिहार के मखाने का सबसे बड़ा खरीदार अमेरिका है.

### किसानों की बढ़ेगी कमाई

इससे न सिर्फ बिहार के मखाने को दुनिया में पहचान मिलेगी बल्कि मखाना किसानों की कमाई भी 550 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,900 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है. इसके साथ ही, मखाना की मार्केट वैल्यू अगले साल में 2,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 13,260 करोड़ रुपये हो सकती है. बिहार दुनिया के 85 फीसदी मखाने का उत्पादन करता है. पिछले 10 साल में मखाने की खेती में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है. तालाब आधारित खेती से अब खेत आधारित खेती की ये सुपर फ़ूड बढ़ रहा है.

# भारती एयरटेल ने एरिक्सन की 5जी कोर तकनीक के साथ साझेदारी की

> नए समझौते में पैकेट कोर, सिग्नलिंग, चार्जिंग और पॉलिसी सॉल्यूशन शामिल

**नई दिल्ली.**




भारती एयरटेल और एरिक्सन ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुँचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत, एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा।

यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रिय, बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगा, ताकि ग्राहकों को 5जी की उन्नत क्षमताओं का लाभ मिल सके।

एरिक्सन के दक्षिणपूर्व एशिया, ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेस विसेंते कहते हैं: वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप में, एरिक्सन भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए पटेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारती एयरटेल के नेटवर्क को 5जी स्टैंडअलोन के लिए तैयार करने और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एरिक्सन का डुअल मोड वाला 5जी कोर नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित सेवाओं और नेटवर्क एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से राजस्व बढ़ाने में मदद करता है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए नए इनोवेटिव उदाहरण प्रस्तुत होते हैं। इस समझौते के तहत, एरिक्सन अपने सिग्नलिंग कंट्रोलिंग सॉल्यूशन को भारती एयरटेल के नेटवर्क में जोड़ेगा। साथ ही, 5जी स्टैंडअलोन चार्जिंग में सक्षम पॉलिसी सॉल्यूशन भी पेश किए जाएँगे। यह नई क्षमताएँ भारती एयरटेल की 5जी राजस्व बढ़ाने की रणनीति को मज़बूती देंगी, जिससे नए व्यावसायिक मॉडल विकसित करने का रास्ता खुलेगा। एरिक्सन, भारती एयरटेल का एक पुराना कनेक्टिविटी साझेदार है और दोनों के बीच 25 से अधिक वर्षों से घनिष्ठ संबंध हैं। इस दौरान मोबाइल संचार की हर पीढ़ी में साथ काम किया गया है, जिसमें भारती एयरटेल के भारत में पहले 5जी अनुबंध का पुरस्कार भी शामिल है।

# पीयूष गोयल ने एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

**नई दिल्ली.**



KENT LUXE 2200 W

इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विज़न पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया।

मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इस विज़न को साकार करने में उद्योग संगठनों की अगुवाई की जरूरत पर जोर दिया, ताकि भारत के डॉमेस्टिक सेक्टर की मजबूती और निर्यात और वैश्विक साझेदारी का भी विस्तार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा, “आइए हम दुनिया को भारत में लाएं। अगर हम बेहद व्यापक और प्रभावित करने वाला एक एकीकृत मंच बनाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को पता चलेगा कि भारत इलेक्ट्रिकल से जुड़े हर सामान के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। चाहे वह विद्युत अवसंरचना हो, स्वचालन हो या स्मार्ट ग्रिड समाधान हो - भारत के पास विशेषज्ञता, तकनीक और दूरदृष्टि हर चीज मौजूद है। दुनिया को कहना चाहिए, 'भारत जाइए, और आपको वहां इलेक्ट्रिकल से संबंधी नवाचार का भविष्य देखने को मिलेगा।”

भविष्य की बात करें तो, भारत अरबों डॉलर के निर्यात बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिकल और बिजली क्षेत्र में अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को तेजी से बढ़ा रहा है। गोयल ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार, स्मार्ट ग्रिड में प्रगति और डिजिटल स्वचालन से व्यवसायों के लिए सहयोग, सह-निर्माण और भारत को इलेक्ट्रिकल समाधानों के लिए वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के नए अवसर खुल रहे हैं।

उन्होंने कहा, "हमारे उद्योग को बड़ा सोचना चाहिए, तेजी से काम करना चाहिए और साथ मिलकर काम करना चाहिए। एक मंच के तहत एकजुट होकर, हम न केवल अपने डॉमेस्टिक सेक्टर को मजबूत करते हैं, बल्कि भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अग्रणी ताकत के रूप में भी स्थापित करते हैं। अभी मौका है और हमें इसका लाभ उठाना चाहिए।

इस अवसर पर मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार में संयुक्त सचिव विमल आनंद ने कहा, "भारत का विकास स्वाभाविक रूप से अपने बुनियादी ढांचे का विकास लेकर आता है और हम बुनियादी ढांचे के विकास के साथ, न केवल भवनों के निर्माण और विभिन्न अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संदर्भ में, बल्कि लॉजिस्टिक्स, मोबिलिटी समाधान, यूटिलिटीज समाधानों के संदर्भ में भी, शीर्ष पर पहुंचने के लिए तैयार हैं और हम 2030 तक जीडीपी के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के अनुमान की तुलना में काफी जल्दी, वास्तव में अगले साल तक उस स्थिति को हासिल अगले वर्ष में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।"

इस गति को और बढ़ाते हुए, वैश्विक नीति निर्माताओं, कारोबार जगत के दिग्गजों और टेक्नोलॉजी की खोज करने वालों के बीच भागीदारी के साथ, इलेक्रामा 2025 भारत के बिजली क्षेत्र के भविष्य को आकार देने वाली प्रभावशाली बातचीत को आगे बढ़ाता रहेगा। नीति, टेक्नोलॉजी और बाजार की तत्परता के बीच की खाई को पाटकर, यह आयोजन भारत के क्लीन एनर्जी परिवर्तन को गति देने और एक लचीला, भविष्य के लिए तैयार विद्युत अवसंरचना (पावर इंफ्रास्ट्रक्चर) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

# 8वें वेतन आयोग पर केंद्र सरकार के पेंशन खर्च का असर

**नई दिल्ली.**



केंद्र सरकार के 2025-26 के बजट में पेंशन और सैलरी पर खर्च को लेकर एक दिलचस्प आंकड़ा सामने आया है। बजट प्रोफाइल दस्तावेजों के अनुसार, 2023-24 से पेंशन पर खर्च वेतन से अधिक हो गया है। यह प्रवृत्ति 2025-26 के बजट में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसका असर 8वें वेतन आयोग पर दिखाई दे सकता है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में वेतन पर ₹ 1.66 लाख करोड़ और पेंशन पर ₹2.77 लाख करोड़ खर्च करने का अनुमान है। पिछले तीन वर्षों में 'वेतन' और 'पेंशन' आवंटन लगभग अपरिवर्तित रहे हैं, लेकिन 2023-24 से पहले तक सैलरी खर्च पेंशन से काफी अधिक था। विशेष रूप से, 2022-23 और 2023-24 के बीच 'वेतन' खर्च में ₹1 लाख करोड़ की भारी गिरावट आई है। 2023-24 के बाद भी यह प्रवृत्ति लगभग समान बनी हुई है। यह संकेत देता है कि वेतन खर्च में भारी कमी आई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकारी कर्मचारियों की संख्या में भी कमी आई होगी।

'वेतन' और 'पेंशन' खर्च बजट दस्तावेज में स्थापना व्यय के अंतर्गत आते हैं। इन दोनों श्रेणियों के अलावा, स्थापना व्यय में 'अन्य' नामक एक श्रेणी भी शामिल है। 2017-18 से उपलब्ध तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार, कुल स्थापना व्यय लगातार बढ़ा है, भले ही 2022-23 के बाद 'वेतन' खर्च में तेज गिरावट आई हो। यह वृद्धि मुख्य रूप से 'अन्य' श्रेणी के लिए आवंटन में वृद्धि के कारण हुई है।

### वेतन से अधिक भत्तों के लिए अधिक आवंटन

बजट के 'खर्च प्रोफाइल' हिस्से में कर्मचारियों को किए जाने वाले भुगतान को विस्तार से बताया गया है। इन्हें तीन प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है: वेतन, भत्ते (यात्रा खर्च को छोड़कर) और यात्रा व्यय। वर्ष 2017-18 से इस मद के कुल आवंटन में कोई गिरावट नहीं दिखती। यहां तक कि सरकार द्वारा नियोजित कर्मचारियों की संख्या 2017-18 से 2025-26 के बीच 32 से 37 लाख के बीच बनी हुई है

# क्रेडिट कार्ड से जमकर खरीदारी कर रहा है इंडिया

**नई दिल्ली.**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी नए आंकड़ों से पता चला है कि जनवरी 2025 में क्रेडिट कार्ड खर्च साल-दर-साल 10.8 प्रतिशत बढ़कर 1.84 ट्रिलियन रुपये हो गया, हालांकि क्रमिक रूप से इसमें मामूली गिरावट आई है. वहीं, एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड खर्च पिछले समान अवधि की तुलना में 15.91 प्रतिशत बढ़कर 50,664 करोड़ रुपए हो गया.

एसबीआई का खर्च पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत घटकर 28,976 करोड़ रुपए हो गया. आईसीआईसीआई बैंक का खर्च पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 20.25 प्रतिशत बढ़कर 35,682 करोड़ रुपए हो गया है. दूसरी ओर, एक्सिस बैंक का खर्च 0.45 प्रतिशत घटकर 20,212 करोड़ रुपए हो गया है.

उद्योग में प्रति कार्ड खर्च 16,910 रुपए रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 1.09 प्रतिशत अधिक है. एचडीएफसी बैंक का प्रति कार्ड खर्च सालाना आधार पर 0.61 प्रतिशत घटकर 21,609.93 रुपए, एसबीआई कार्ड में सालाना आधार पर 14.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,147 रुपए और एक्सिस बैंक में 7.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,673.41 रुपए रहा. बता दें, कि आईसीआईसीआई बैंक ने प्रति कार्ड खर्च में पिछले साल की तुलना में 11.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की , जो 19,730.81 रुपए हो गई.

# भारत में वित्तीय क्षेत्र में तेजी से बदलाव

**नई दिल्ली.**



पिछले एक दशक में भारत का बाजार पूंजीकरण 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जिससे संस्थागत निवेशक क्षेत्र में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। सीआईईएल एचआर सर्विसेज की रिपोर्ट 'सीआईईएल वर्क्स' के अनुसार, इस क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या में पिछले दो वर्षों में 69% की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फंड प्रबंधकों, पोर्टफोलियो प्रबंधकों और वरिष्ठ विश्लेषकों सहित केवल 17% पेशेवरों को उनके संगठन से प्रमोट किया जाता है, जबकि 83% को बाहर से नियुक्त किया जाता है। यह इस क्षेत्र के लिए आंतरिक कैरियर प्रगति में सुधार करने का एक अवसर प्रदान करता है. कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 27% है, लेकिन नेतृत्व पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 14% है। सीआईईएल एचआर के कार्यकारी निदेशक श्री के पंडियाराजन ने कहा कि भारत 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है.

# कम दाम में कैम्पा ने पेप्सी और कोका कोला को दी चुनौती

**नई दिल्ली.**




मुकेश अंबानी ने बेवरेज मार्केट में कैम्पा को कम कीमत पर उतार कर सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में तहलका मचा दिया है. कम दाम पर लोगों को ठंडा पिलाकर मुकेश अंबानी ने पेप्सी और कोका कोला जैसी दिग्गज कंपनियों के पसीने छुड़ा दिए हैं. मुकेश अंबानी के कम प्राइस वाले दांव से पेप्सी कोला के बाद बेवरेज मार्केट में अन्य कंपनियां भी दहशत में आ गई है. रियल, डाबर और फ्रूट जूस बनाने वाले ब्रांड्स भी अब कॉस्ट कटिंग कर रहे हैं. रियल का जो जूस पहले 130 रुपए में मिलता था कंपनी ने उसे 100 रुपए कर दिया है. इसी तरह बाकि कंपनियां भी कॉस्ट कटिंग कर रही हैं.

देश के बेवरेज मार्केट में शायद पहली बार प्राइस वॉर छिड़ता दिख रहा है, क्योंकि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स द्वारा कैंपा कोला और उसके नए एनर्जी ड्रिंक के लिए आक्रामक ₹10 मूल्य निर्धारण ने बाजार में स्थापित खिलाड़ियों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है. इंडस्ट्री के इनसाइडर सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि डाबर और आईटीसी जैसे ड्रिंक मेकर्स भी चरम गर्मी के मौसम से पहले आक्रामक ऑफर पेश करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि घर से बाहर की खपत के लिए मूल्य निर्धारण महत्वपूर्ण है, जो पेय व्यवसाय का लगभग 40% है.

### रिलायंस ने ₹10 में स्पोर्ट्स और एनर्जी ड्रिंक लॉन्च किए

कोलकाता में कुछ कोका-कोला बोतल निर्माताओं ने उपभोक्ता प्रोत्साहन के तहत 250 मिलीलीटर कोक पेट बोतलों की कीमतें ₹20 से घटाकर ₹15 कर दी हैं, इंडस्ट्री के अधिकारियों के मुताबिक आईटीसी, जो बी नेचुरल ब्रांड के तहत फ्रूट जूस बनाती है उसने भी अपने कस्टमर्स को टिकाने के लिए सस्ते दाम की योजना शुरू कर दी है.रिलायंस ने हाल ही में स्पोर्ट्स ड्रिंक स्पिनर और एनर्जी और रिहाइड्रेटिंग बेवरेज रस्किक ग्लूको एनर्जी लॉन्च किया है, दोनों ₹10 में.














१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# फडणवीस का 'मोदी अवतार' देख सकते में महाराष्ट्र के मंत्री

## > दागी ओडीएस-पीएस को नहीं मिलेगी मंजूरी



**मुंबई.**

महाराष्ट्र में प्रचंड जीत के बाद सीएम की कुर्सी पर लौटे देवेंद्र फडणवीस का उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के चल रहा शीत युद्ध जहां सुर्खियों में है तो वहीं दूसरी तरफ उनके पीएम मोदी वाले अवतार से हड़कंप मचा हुआ है। फडणवीस के द्वारा नई सरकार के कामकाज की मॉनीटरिंग से मंत्री सकते में हैं तो वहीं दूसरी तरफ उन्होंने साफ कर दिया है कि मंत्री के ओएसडी और पीएस की नियुक्ति पर वही फैसला लेंगे। फिर चाहे कोई भी नाराज हो। फडणवीस के कड़क अंदाज का खुलासा अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से मंत्री माणिकराव कोकाटे ने खुद किया है। कोकाटे ने खुलासा किया है फडणवीस ने पहले दिन ही चेतावनी दे दी थी कि अगर बदमाशी करोगे तो घर जाओगे। इतना ही नहीं फडणवीस ने यह भी कहा था कि किसी के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

कोकाटे के खुलासे पर फडणवीस ने साफ कर दिया है कि वह दलालों को मंत्रियों का ओएसडी और पर्सनल सेक्रेटरी नहीं बनने देंगे। फडणवीस ने खुलासा किया है कि उन्हें महायुति सरकार के विभिन्न मंत्रियों की तरफ से निजी स्टॉफ में नियुक्ति के लिए 125 नाम मिले थे। इसमें से उन्होंने 16 को रिजेक्ट किया और 109 नाम एप्रूव किए हैं। फडणवीस के इस मोदी वाले अवतार से महाराष्ट्र में खलबली है। एक तरफ शिंदे जहां गृह विभाग से शुरू हुए रुठने के सिलसिले से अब तक नाराज है तो वहीं अजित पवार भी फूंक-फूंककर कदम उठा रहे हैं।

### कामकाजी मंत्रियों को ही मिलेगी प्राथमिकता

हमारे निजी सचिव और ओएसडी भी मुख्यमंत्री ही तय करते हैं। माणिकराव के बयान को मीडिया में तूल पकड़ने के बाद फडणवीस ने इस मुद्दे पर साफ कर दिया है कि परफॉरमेंस और साफ सुथरे काम को तवज्जों देंगे। फडणवीस ने जब मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब यह सामने आया था कि सरकार के आधे कार्यकाल पर मंत्रियों के काम ऑडिट किया जाएगा।

# महावितरण की दर वृद्धि का विरोध

## > धनंजय जामदार का बयान

**बारामती.**



इस तथ्य के बावजूद कि महाराष्ट्र में बिजली की कीमतें अभी भी पूरे भारत देश में सबसे अधिक हैं, महावितरण ने एक और टैरिफ वृद्धि को मंजूरी देने के लिए महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। बारामती औद्योगिक विकास संघ के अध्यक्ष धनंजय जामदार ने एक बयान में जोरदार मांग की है कि प्रस्तावित मूल्य वृद्धि, जो औद्योगिक उपभोक्ताओं सहित सभी के लिए अनुचित है, को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

बिजली की दरें बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए सरकार को ज्ञापन सौंपने के लिए ऊर्जा भवन में महावितरण बारामती सर्कल के मुख्य अभियंता धर्मराज पेठकर को ज्ञापन दिया गया था। उस समय धनंजय जामदार बोल रहे थे। इस अवसर पर बारामती औद्योगिक विकास संघ के अध्यक्ष धनंजय जामदार, उपाध्यक्ष मनोहर गावड़े, सचिव अनंत अवचट, कोषाध्यक्ष अंबीरशाह शेख वकील,रूपेश भोंगले, मुर्तुजा कोलंबोवाला, माधव खांडेकर के साथ कार्यकारी अभियंता संजय सोनवलकर, अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता गणेश जामले आदि उपस्थित थे। वास्तव में, महावितरण को बिजली चोरी, बिजली रिसाव, पारेषण घाटे, बिजली उत्पादन परियोजनाओं की दक्षता, निजी कंपनियों से बिजली खरीद की दरें और प्रशासनिक लागत जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करके दक्षता बढ़ाने और वित्तीय अनुशासन लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर चेयरमैन धनंजय जामदार ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि यदि ऐसे उपाय किए जाएं तो बिजली की कीमतें बार-बार बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# उद्धव ठाकरे की यूबीटी ने नीलम गोरहे से मांगे सबूत



**मुंबई.** राज्य विधान परिषद की उप सभापति डॉ. नीलम गोरहे के बयान पर राज्य की सियासत में बवाल मचा हुआ है। दिल्ली में आखिल भारतीय माराठी साहित्य सम्मेलन में नीलम गोरहे ने उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (अविभाजित) पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि दो मर्सिडीज देने पर पद मिलते थे। इसके बाद से नीलम गोरहे के खिलाफ उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी हमलावर है। महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य और एनसीपी नेता शरद पवार ने भी उनके बयान को भूर्खतापूर्ण बताया है, लेकिन एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के कुछ नेताओं ने उनके बयान का समर्थन किया है। नीलम गोरहे को उनके बयान के लिए जोंक, मंथरा, निर्लज्ज, नमकहराम जैसे शब्द इस्तेमाल किए गए हैं।

नीलम गोरहे वर्तमान में राज्य की विधान परिषद् की उपसभापति हैं। महाराष्ट्र की राजनीति के बड़े चेहरों में शामिल नीलम गोरहे 1987 में अपनी सोशल गतिविधियों के लिए सुर्खियों में आई थीं। इन दौरान उन्होंने कई सामाजिक आंदोलनों में हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत रिपब्लिकन पार्टी की। उन्होंने प्रकाश अंबेडकर के साथ भी काम किया। वह चुनाव भी लड़ीं। सके बाद उन्होंने कुछ समय तक शरद पवार के साथ काम किया। आगे चलकर वह शिवसेना से जुड़ गईं। उन्हें शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के सानिध्य में काम करने का मौका मिला।

बाद में वह उद्धव ठाकरे की सहयोगी बन गई है। पार्टी के प्रति वफादारी के चलते साल 2002 में नीलम गोरहे को पहली विधान परिषद् में जाने का मौका मिला। इसके बाद नीलम गोरहे लगातार विधान परिषद् जारी रहीं लेकिन जब साल 2022 में एकनाथ शिंदे ने राह अलग की तो उन्होंने भी उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया। इसके बाद उन्हें शिंदे के गुट में अहम पद दिया गया। बाद में उन्हें विधान परिषद् का उप सभापति बनाया गया। वह 7 जुलाई को 2022 को इस पर नियुक्त हुईं।

# हाजियों के लिए चैटबॉट से सुविधा

## > मुंबई में ट्रेनिंग शुरू




**मुंबई.** मुंबई में 2025 के लिए सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का और मदीना के लिए जाने वाले सभी हज यात्रियों को हज प्रशिक्षण की शुरुआत हो चुकी है. मुंबई स्थित हज समिति ने हज हाउस में ही हज जाने वाले लोगों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की. कार्यक्रम का उद्घाटन अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने किया. कार्यक्रम में हज यात्रियों को चैटबॉट के बारे में भी जानकारी दी गई.

ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य हज जाने वाले लोगों को यहां से वहां तक की हर जरूरी जानकारी देना है. इसके साथ ही उन्हें आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में है. भारतीय हज समिति के अध्यक्ष ए.पी. अब्दुल्लाकुट्टी ने प्रशिक्षकों से हज जाने वाले लोगों को अच्छी सुविधाएं, नए बदलाव के बारे में जानकारी देने की बात कही.ताकि उन्हें सुचारू रूप से हज करने में मदद मिल सके.

हज हाउस में हो रहे इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में पहले दिन दो सेमिनार आयोजित किए गए, जिसमें जाने से लेकर वापस आने तक हर जरूरी जानकारी हज यात्रियों को दी गई. सामान से लेकर डॉक्यूमेंटेशन के बारे में जानकारी दी गई. इस कार्यक्रम में हर विभाग के लोग मौजूद थे, उन्होंने लोगों को ट्रेनिंग दी.

कार्यक्रम में ट्रेनिंग के दौरान हज यात्रियों को नई सुविधाओं के साथ हज सुविधा ऐप 2.0 का लॉन्च किया. इसमें आपको हर तरीके की जानकारी मिलेगी. इसके माध्यम से ऑनलाइन अप्लाई और पेमेंट समेत तमाम कागजात सुरक्षित रखे मिलेंगे. कागज वाले परिचय पत्र की जगह पीवीसी आईडी कार्ड शामिल है. सरकार का फोकस इस बात पर है कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े. यही कारण है कि सभी यात्रियों को ट्रेनिंग दी जा रही है.

# बेटे ने पिता की तिजोरी से चुराए हीरे

**मुंबई.** ओपेरा हाउस स्थित पंचरत्न बिल्डिंग में 57 वर्षीय हीरा व्यापारी के ऑफिस में रखी तिजोरी से 3 करोड़ रुपए के हीरे चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला कि चोर कोई और नहीं बल्कि व्यापारी का बेटा ही है। इस मामले में, डॉ. दादासाहेब भडकमकर मार्ग (डी.बी. मार्ग) पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर चोरी किए गए हीरे जल्द ही बरामद कर लिए जाएंगे। इस मामले में जब आरोपी को अदालत में पेश किया गया तो अदालत ने उसे 27 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# कचरामुक्त शहर और सेल्फी प्वाइंट

## > स्वच्छता अभियान में नई दिशा

**पिंपरी.**

पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग ने शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न पहल शुरू की हैं। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंके जाने की समस्या के समाधान के लिए ऐसे क्षेत्रों की सफाई की जा रही है तथा वहां 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित किए जा रहे हैं। ऐसे स्थानों पर सेल्फी लेने वाले नागरिकों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त बनाकर उनके सौंदर्यीकरण की पहल की है। 'सी' क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 23 के संजीवनी बिल्डिंग कॉर्नर क्षेत्र को कचरा मुक्त कर सुंदर बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने इस्तेमाल किए गए टायरों और कूड़े के ढक्कनों का उपयोग करके क्षेत्र को कूड़ा-मुक्त बनाकर एक सुंदर 'सेल्फी प्वाइंट' बनाया है। आसपास के क्षेत्र को भी साफ कर आकर्षक बनाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने भी स्वास्थ्य विभाग के इस कार्य की सराहना की है और यह सेल्फी प्वाइंट सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। उपायुक्त सचिन पवार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कार्यकारी अधिकारी गणेश देशपांडे, पिंपरी चिंचवड़ महानगरपालिका क्षेत्रीय अधिकारी किशोर नानवरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कुंडलिक दरवड़े, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मोरे, स्वास्थ्य निरीक्षक राजगे, स्वास्थ्य सहायक उकड़े तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने इसके लिए विशेष प्रयास किए हैं।

# मराठा आरक्षण के लिए आत्मदाह का प्रयास

**नंदुरबार.**

मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर एक मराठा आंदोलनकारी द्वारा आत्मदाह का प्रयास करने की घटना नंदुरबार तालुका के उमरडे में हुई है। गुलाब मराठे उस प्रदर्शनकारी का नाम है जिसने आत्मदाह का प्रयास किया। पिछले डेढ़ साल से मनोज जरांगे पाटिल मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके साथ ही नंदुरबार के प्रदर्शनकारी गुलाब मराठे भी जरांगे का समर्थन कर रहे हैं।

मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिलने के कारण नंदुरबार जिले में प्रदर्शनकारी आक्रामक हो गए हैं। इन प्रदर्शनकारियों ने सरकार के विरोध में आत्मदाह का प्रयास किया है। पुलिस ने आत्मदाह करने वाले प्रदर्शनकारी को हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शनकारी गुलाब मराठे ने चेतावनी दी है कि सरकार मराठा समुदाय को तुरंत आरक्षण प्रदान करे, अन्यथा नंदुरबार जिले में और भी तीव्र विरोध प्रदर्शन होगा।

# तीन अलग नामों से रह रहा बांग्लादेशी व्यक्ति गिरफ्तार

**पिंपरी.**



भोसरी पुलिस ने एक बांग्लादेशी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो तीन अलग-अलग नामों से अवैध रूप से रह रहा था। यह ऑपरेशन रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे भोसरी के बनच ओढ़ा में किया गया।गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन व्यक्तियों के नाम वाले दस्तावेज मिले: नयन रतन सरकार (उम्र 21, निवासी कृष्णपुर, लोहागरा, नरैल जिला, बांग्लादेश), राकेश रतन सरकार (निवासी घोला नादिया, पश्चिम बंगाल) और सुमित शंकर भक्त (निवासी नकाशी पाड़ा, पश्चिम बंगाल)। उनका मूल नाम नयन सरकार है। वह फिलहाल दिघी स्थित श्रमिक कॉलोनी में रह रहे थे। वह अवैध रूप से बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में घुस आया। इसके बाद वह काम के लिए भोसरी आ गया।

भोसरी पुलिस हर शाम छह से नौ बजे के बीच नाकाबंदी करती है। रविवार को जब नाकाबंदी की गई थी, तो पुलिस ने देखा कि नयन संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। जब उनसे पूछताछ की गई तो उनके भाषण में विसंगतियां पाई गईं। जब उसके बैग की जांच की गई तो उसमें अलग-अलग नामों के दस्तावेज मिले। पता चला कि वह बांग्लादेशी था। पश्चिम बंगाल, लोहागरा, जिला, बांग्लादेश से भारतीय मतदाता पहचान पत्र। नरैल स्थित लक्ष्मी पाशा आदर्श माध्यमिक विद्यालय का प्रमाण पत्र मिला। पुलिस ने नयन को गिरफ्तार कर लिया। विदेशी आदेश, विदेशी अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वह पिछले एक साल से पिंपरी-चिंचवाड़ शहर में अवैध रूप से रह रहा था। वह एक रेस्तरां और निर्माण परियोजना पर काम कर रहे थे। उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक श्रीकांत गुरव मामले की जांच कर रहे हैं।

# संतोष देशमुख हत्याकांड की जांच पर सवाल

**छत्रपति संभाजीनगर.** बीड जिले के मासाजोग गांव के निवासियों ने मंगलवार को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की जांच पर असंतोष जताते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी। स्थानीय केज पुलिस द्वारा शुरुआती चरण में की गई कथित चूक की जांच की मांग के अलावा, ग्रामीण फरार आरोपी कृष्ण अंधाले की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं मारे गए सरपंच के भाई धनंजय देशमुख ने कहा कि जब तक प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे नहीं मिलता और कार्रवाई का वादा नहीं करता, तब तक 'अन्नत्याग आंदोलन' जारी रहेगा। धनंजय अपने परिवार के सदस्यों के साथ आंदोलन में शामिल हैं। सोमवार को ग्रामीणों के एक समूह ने बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कंवत से मुलाकात की थी। धनंजय देशमुख ने कहा, "एसपी नवनीत कंवत के साथ हमारी चर्चा सकारात्मक रही। केज पुलिस ने जांच से संबंधित कुछ विवरण एसपी कंवत के साथ साझा नहीं किए। हम दोबारा जांच के लिए आवेदन दायर करेंगे।" उन्होंने दावा किया कि केज पुलिस (जिन्होंने आपराधिक जांच विभाग को मामला सौंपे जाने से पहले इसकी जांच की थी) द्वारा की गई 'गलतियां' एक साजिश का हिस्सा थीं।

# महाराष्ट्र के 15 गांवों में गेहूं के कारण गंजे हुए लोग

## >पद्मश्री डॉक्टर ने किया दावा

**बुलढाणा.**



### एक महीने सैंपल की जांच की

वहीं जांच सैंपल लेने के करीब दो महीने बाद इस गंजे पन को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. गांव वालों के बाल झड़ने के पीछे पंजाब से आए गेहूं के आटे को खाना बताया जा रहा है. इसका दावा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और मशहूर फिजिशियन डॉ. हिम्मतराव बावस्कर ने किया है. डॉ. हिम्मतराव बावस्कर ने यह दावा पिछले एक महीने से रिसर्च करने के बाद किया है.

करीब दो महीने पहले महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई थी. जिले के करीब 15 गावों के लोग अचानक से गंजेपन का शिकार होने लगे थे. लोगों के सिर से बाल गायब हो रहे थे. क्या बच्चे, क्या जवान और क्या बूढ़े .सभी इस गंजेपन का शिकार हो रहे थे. अब गंजेपन की इस बीमारी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है. इसका आरोप पंजाब के गेहूं पर लगा है. पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. हिम्मत बावस्कर का दावा है कि सरकारी गल्ले में आए पंजाब के गेहूं को खाने से 15 गांवों के करीब 300 लोगों के बाल झड़ गए.

इसी साल जनवरी महीने की शुरुआत में बुलढाणा जिला अचानक से सुर्खियों में आ गया था. जिले के शेगाव तहसील के बोंडगांव, कालवड़ और हिंगना गांव सहित 15 गांवों में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोगों के बाल झड़ने लगे थे. इससे सभी गंजे होते जा रहे थे. यहां तक कि महिलाएं भी इसका शिकार हो रही थीं.

इस बीमारी के पहले दिन व्यक्ति के सिर में खुजली शुरू होती थी. दूसरे दिन से बाल हाथ में आने शुरू हो जाते थे और तीसरे दिन मरीज गंजा हो जाता था. इस बीमारी से सबसे ज्यादा पुरुष पीड़ित थे. गांव में अचानक फैली इस बीमारी से लोग डर गए. देखते ही देखते गांव के आधे लोग गंजे दिखने लगे. लोगों ने आयुर्वेद से लेकर एलोपैथ तक में इलाज कराना शुरू कर दिया.

## आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृषभ -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं

मिथुन -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी।

कर्क -आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह -आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या- आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा।

तुला -आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक- आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है,

धनु- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ- आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा

मीन -आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।

# सहकर्मी की हत्या का आरोपी अनंतनाग से गिरफ्तार

**ठाणे.**एक फैक्टरी में अपने सहकर्मी की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इस मामले के संबंध में जानकारी दी। आरोपी सबीर रहमतुल्ला अंसारी (21) बिहार के पूर्वी चंपारण का निवासी है तो वही मृतक नीरज कुमार गोपीनाथ विश्वकर्मा उम्र 40 उत्तर प्रदेश के उन्नाव का निवासी था। निजामपुरा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक विश्वास डागले ने मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा कि भिवंडी शहर के खोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र स्थित फैक्टरी में दोनों सहकर्मी के तौर पर काम करते थे। आरोपी सबीर ने 4 फरवरी को पीड़ित का वेतन के पैसे लूट लिए और उसके सिर पर हथौड़े से वार कर जानलेवा हमला बोल दिया।

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN TO ALL MEN THAT I wish to enter into an Agreement to Sale / Sale with **Shri. Narendra Karamchandani,** R/o Block no 52A, Near Mahatma Gandhi School, Jaripatka, Nagpur, to purchase his property comprising **Residential Entire 1st (First) Floor and Entire Terrace, admeasuring built up area 81.19 Sq. Mt. and 81.19 Sq. Mt. of the building built on Block no- 52A, along with 50% (i.e. 119.566) undivided Share and Interest in Plot / Block No.52-A, admeasuring area 239.132 Sq. Mt., bearing City Survey No.1448, Sheet No. 25, Mouza - Jariptaka, Municipal Corporation House No.1487/A, Ward No.61, situated near Mahatma Gandhi School, Jaripatka, Tahsil and District Nagpur.** The aforesaid Owner has assured me that the aforesaid property is his property belonging to him alone and that none except him has acquired any manner of right, title and/or interest of any kind whatsoever in respect of the aforesaid property. It is therefore hereby informed to the public at large that if any person excluding the said Owner claims any right, title or interest in respect of the aforesaid property by way of sale, mortgage, gift, lien or by any other way, then such person should contact or write to the undersigned i.e. me within **7 (Seven) days** from the date of publication of this Notice with sufficient documentary proof, failing which I shall proceed to complete the proposed transaction and thereafter no one's claim shall be binding upon me. **Nagpur, Dt. : 26/02/2025**

**RAHUL R. MANSHANI**
**ADVOCATE MANSHANI AND ASSOCIATES**
1st floor, Block No. 20, Near Sindhu Society Ground, Behind Desserto Main Bazar Road, Jaripatka, Nagpur- 440014. Mob. No. 9595575449

Prasanna Publicity 9326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1790 Date 20.02.2025
**IN THE COURT OF Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 416-A**
**Succession Case No. 31/2025**
**Fixed For 15/03/2025**

**Applicant : 1) Ku. Seema Ambadas Lade, 2) Shri. Vinay Ambadas Lade, 3) Smt. Supriya Hemant Shahare, 4) Smt. Vaishali Satyawan Sahare.**

**-Versus- Non Applicants:** Nil

**Name of Deceased : 1) Janba Raghunath Lade, Died On 20/04/2021, R/o HIG B-19, Sugat Nagar Jaripatka, Nagpur- 440014.**

Whereas **Janba Raghunath Lade, Died On 20/04/2021,** R/o HIG B-19, Sugat Nagar Jaripatka, Nagpur- 440014. and Whereas **Ku. Seema Ambadas Lade & Oth.** has presented an application to this court for grant of Succession Certificate U/s. 372 of Indian Succession Act, **In respect of the Amount of Rs. 1,97,997.05/-** standing in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicant **Ku. Seema Ambadas Lade & Oth.** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **15th day of March, 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **20th day of Feb, 2025.**

Seal
**By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Court of Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**राष्ट्रीय आरोग्य अभियान**
**जिल्हा एकात्मिक आरोग्य व कुटुंब कल्याण सोसायटी,**
**जाहिरातक्र. १ /२०२५ (दि.२५.०२.२०२५)**

जिल्हा एकात्मिक आरोग्य व कुटुंब कल्याण सोसायटी,चंद्रपूर राष्ट्रीय आरोग्य अभियानामध्ये जिल्हयात राबविण्यात येणाऱ्या विविध कार्यक्रमांसाठी खालील तक्त्यामध्ये दर्शविल्याप्रमाणे कंत्राटी तत्वावर रिक्त पदांसाठी पात्र उमेदवारांकडुन अर्ज मागविण्यात येत आहेत.

| Sr. No. | Name of Post | No. of Posts | Required Category | Qualifiication | Remuneration Rs. (Per Month Consolidated) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Accountant | 5 | ST- 1, VJ (A)-1, OBC -1, EWS -1, SEBC -1 | B.Com, Tally | 20000/- |
| 2 | Staff Nurse | 31 | SC-1, ST-8, VJ (A)-1, NT (C)- 3, NT (D)-1, SBC-2, OBC-7, EWS -3, SEBC- 3, OPEN - 2 | G.N.M./B.Sc. Nursing | 20000/- |

वरीलप्रमाणे रिक्त पदे भरण्याकरिता जाहिरात **https://zpchandrapur.co.in/** या संकेतस्थळावर प्रसिध्द करण्यात आलेली असुन अर्ज करावयाच्या पध्दतीबाबत सर्वसाधारण सुचना/माहीती तसेच अर्जाचा नमुना देण्यात आलेला आहे. वरील पदांकरिता अर्ज स्विकारण्याची अंतिम तारीख **दि.०७/०३/२०२५** रोजी सायं. ४.०० वाजेपर्यत राहील. त्यानंतर प्राप्त होणारे अर्ज स्विकृत करण्यात येणार नाही, याची उमेदवारांनी नोंद घ्यावी.

**स्वा/-**
**सदस्य सचिव**
जि.ए.आ.व कु.क.सोसायटी तथा
जिल्हा आरोग्य अधिकारी
जिल्हा परिषद, चंद्रपूर

**स्वा/-**
**अध्यक्ष**
जि.ए.आ.व कु.क.सोसायटी तथा
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिल्हा परिषद, चंद्रपुर

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## खेत के कुएं में पाया गया तेंदुए का शव

**चंद्रपुर.**

जिले के चिमूर वन परिक्षेत्र में 24 फरवरी 2025 को सुबह 9 के दरम्यान तेंदुए का शव खेत के कुएं में पाया गया है। चिमूर वन परिक्षेत्र के उपक्षेत्र मुरपार नियत क्षेत्र मिनारी में वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गस्त कर रहे थे। इसी दरम्यान एक खेत के कुए में तेंदुआ दिखाई दिया। जांच करने पर तेंदुआ मरा हुआ था। तत्काल आला अधिकारीयों को मामले की जानकारी दि गयी।

यह तेंदुआ मादा होकर उम्र 6 वर्ष के लगभग है। वन विभाग ने तेंदुए का शव कुए से बाहर निकालने के बाद सभी अव्यय मिले है। इस संदर्भमें वन विभाग ने मामला दर्ज किया है। तेदुए के शव का वन विश्राम गृह खडसंगी में शव विच्छेदन कर उसी स्थल पर शव को दफनाया गया है। इस समय वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोर देउरकर, अमोद गौरकार, उत्तम घुगरे, सरुला भीवापुरे और रामदास नैताम उपस्थित थे।

# खंजरी प्रतियोगिता में शामिल प्रत्येक कलाकार संस्कृति का राजदूत हैः विधायक जोरगेवार

### श्री अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा मंडल द्वारा धानोरा में विदर्भ स्तरीय खंजरी प्रतियोगिता का आयोजन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

राष्ट्रसंत तुकादोजी महाराज एक प्रखर विचारक थे जिन्होंने समाज को जागृत किया। ग्राम गीतों में उनके विचार आज भी हमें आदर्श समाज निर्माण की दिशा दिखाते हैं। उनकी ' खंजरी ' महज एक वाद्य यंत्र नहीं , बल्कि लोक संस्कृति की आत्मा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विदर्भ के कई कलाकारों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से भारतीय संस्कृति को जागृत किया है , और विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि आज की प्रतियोगिता में प्रत्येक कलाकार संस्कृति का राजदूत है।



श्री अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा मंडल , धानोरा (पिपरी) की ओर से राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विदर्भ स्तरीय भव्य खंजरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वह इस कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंच पर पूर्व नगरसेवक सुभाष कासनगोट्टूवार , भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष दशरथ सिंह ठाकुर , सरपंच विजय आगरे , उपसरपंच विनोद खेवले , श्री गुरुदेव सेवा मंडल के अध्यक्ष शेषराज आसवले , सचिव मारोती वासाडे , रमेश आसवले , रंगराव पवार , दिवाकर बोधे , यशवंत भगत , सविता मोहितकर , दामोदर गोड , रमेश आसवले सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

इस बार आगे बोलते हुए। जोरगेवार ने कहा , "मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि है कि मुझे आज इस पवित्र समारोह में भाग लेने का अवसर मिला है । राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की 56 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस भव्य विदर्भ-स्तरीय खंजरी प्रतियोगिता का आयोजन हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने की एक सुंदर पहल है। राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की कला और विचारों के माध्यम से, ग्रामीण संस्कृति जीवित रहती है , प्रचारित और प्रसारित होती है, और नई पीढ़ी को प्रेरित करती है।

इस पवित्र मंच से खंजरी की ध्वनि से उनके विचार जागृत हो रहे हैं। खंजरी सिर्फ एक संगीत वाद्ययंत्र नहीं है , बल्कि भक्ति, सामाजिक जागरूकता और क्रांति का प्रतीक है । यह मधुर ध्वनि जन आंदोलन को प्रेरित करती है और संत परंपरा के गुणों का स्मरण कराती है। इस प्रतियोगिता में पूरे विदर्भ से कलाकारों ने भाग लिया है। संतों के विचारों को उनकी कला के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है। संतों के विचार किताबों या उपदेशों तक सीमित नहीं रहने चाहिए , बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनने चाहिए। सेवा , त्याग और सामाजिक जागरूकता ही हमारी सच्ची भक्ति होनी चाहिए। हम हमेशा ऐसे सांस्कृतिक आंदोलनों का समर्थन करेंगे। उन्होंने इस समय यह भी कहा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# बहुजन समाज के प्रति कांग्रेस का व्यवहार घृणास्पदः डॉ.चालवाड़ी

> बहुजन समाज ने की विपक्षी दलों से सावधान रहने की अपील



**चंद्रपुर.**

स्थापित राजनीतिक दल बहुजन लोगों के राजनीतिक नेतृत्व के बारे में लगातार गलत सूचना फैलाते रहते हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रति घृणास्पद मानसिकता कांग्रेस-भाजपा के व्यवहार से स्पष्ट है। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा यह गलत सूचना फैलाना शोभा नहीं देता कि बसपा भाजपा की 'बी टीम' है, ऐसा बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव और पश्चिमी महाराष्ट्र के प्रभारी डॉ. हुलगेश चालवाड़ी ने अपनी राय रखी।

देश की आयरन लेडी मायावती जो उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं , कांग्रेस को उसकी जगह दिखाने का काम किया है। डॉ. चलवाड़ी ने दावा किया कि कांग्रेस ऐसा करके बहुजन समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। खासकर ऐसे राज्य में जहां कांग्रेस मजबूत है, वहां बसपा और उसके कार्यकर्ताओं के प्रति कांग्रेस की भावना नफरत भरी और सांप्रदायिक रही है। हालांकि, डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां कांग्रेस कमजोर है, वहां राजनीतिक लाभ के लिए बसपा को साथ लेना पार्टी के दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

जब भी बसपा ने बहुजन हितार्थ कांग्रेस जैसी सांप्रदायिक पार्टियों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा, तो बसपा के वोट कांग्रेस को हस्तांतरित हो गए। हालाँकि, कांग्रेस के वोट बीएसपी को हस्तांतरित नहीं हुए। इससे बीएसपी को झटका लगा। भाजपा और कांग्रेस का चरित्र हमेशा से भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर, अम्बेडकरवादी अनुयायी, बसपा और उसका नेतृत्व, दलित-बहुजन अनुयायी और आरक्षण विरोधी रहा है। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि यही कारण है कि देश संविधान के समानता और कल्याण के लक्ष्यों को पूरा करने में बहुत पीछे रह गया है। अगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम की तरह काम न किया होता तो उनकी यह हालत नहीं होती। कांग्रेस के कई उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। डॉ. चलवाड़ी ने सलाह दी है कि राहुल गांधी को किसी भी मुद्दे पर बोलने से पहले दस बार सोचना चाहिए, खासकर बसपा प्रमुख बहन मायावती के संबंध में, और उन्हें अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है।

## चित्ररथ के माध्यम से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**गढ़चिरोली:** "चित्ररथ के माध्यम से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ का प्रचार-प्रसार करने की पहल जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण होगी।" जिला कलेक्टर अभिनव पांडा ने अपील की है कि, नागरिकों को उन योजनाओं के बारे में जानना चाहिए जो उनके लिए लाभकारी हैं और उनका लाभ उठाना चाहिए।

जिला प्र शासन, सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला सूचना कार्यालय के सहयोग से चित्ररथ के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने की पहल क्रियान्वित की जा रही है तथा इसके माध्यम से जिले के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आज (25 तारीख) जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे ने जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपविभागीय अधिकारी और सहायक जिला कलेक्टर कुशल जैन (अहेरी) और नमन गोयल (एटापल्ली), जिला आपूर्ति अधिकारी प्रकाश पाटिल, जिला नियोजन अधिकारी श्रीराम पाचखेड़े, जिला सूचना अधिकारी गजानन जाधव, जिला समाज कल्याण अधिकारी चेतन हिवंज, जिला बैंक लीड मैनेजर प्रशांत डोंगले आदि उपस्थित थे।



**चित्ररथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी**

इस रथ के माध्यम से नागरिकों को बैनर और ऑडियो जिंगल्स के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इनमें बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना, झील लड़की योजना, बलिराजा बिजली सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री जय लड़की बहिन योजना, मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं में भी डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर कृषि स्वावलंबन योजना, रमाई घरकुल योजना, अनुसूचित जाति और नवबौद्ध बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय, अंतर्जातीय विवाह के लिए वित्तीय सहायता, इच्छुक व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, भारत रत्न डॉ. इनमें बाबासाहेब अम्बेडकर स्वाधार योजना, कन्यादान योजना, कर्मवीर दादासाहेब गायकवाड़ सशक्तिकरण और स्वाभिमान योजना शामिल हैं।

# खंजरी भजन राष्ट्रीय संतों के मानवतावादी विचारों का माध्यम हैः अहीर

**चंद्रपुर.**

पूज्य राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज श्रम, स्वावलंबन, मानवता और ग्रामविकास के समर्थक थे। महाराज ने अपने भजन, कीर्तन और भाषणों के माध्यम से जनजागृति पैदा करने का काम किया और सभी के दिलों में देशभक्ति की ज्वाला जलाई। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन विद्रोह को प्रज्वलित करने में महान योगदान दिया। वह चिमूर और आष्टी के स्वतंत्रता संग्राम में सेनानी थे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खंजेरी भजन प्रतियोगिता उन महान संतों के विचारों एवं परम्पराओं की विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का एक बेहतरीन माध्यम है, जिन्होंने ग्राम गीता के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी।

राष्ट्रीय संत की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धानोरा (पिपरी) में 22 फरवरी को आयोजित खंजेरी भजन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में राजुरा विधानसभा के विधायक देवराव भोंगले, पूर्व उपमहापौर अनिल फुलझेले, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बृजभूषण पजारे, जिला महासचिव विवेक बोधे, सरपंच विजय आगरे, उपसरपंच विनोद खेवले, रंगराव पवार और अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा भजन मंडल के अध्यक्ष शेषराव असवाले सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे।



उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय संत तुकड़ोजी महाराज कड़ी मेहनत, आत्मनिर्भरता, मानवता और ग्रामीण उत्थान के समर्थक थे। महाराज ने अपने भजन, कीर्तन और भाषणों के माध्यम से जनजागृति पैदा करने का काम किया और सभी के दिलों में देशभक्ति की ज्वाला जलाई। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन विद्रोह को प्रज्वलित करने में महान योगदान दिया। वह चिमूर और आष्टी में स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख सेनानी थे। ग्राम गीता के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाले तुकड़ोजी महाराज जैसे महान संतों के विचारों की विरासत को आगे बढ़ाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए।

इस समय भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी स्व. श्रवण जुनघरे को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने यह भी कहा कि वह तुकड़ोजी महाराज के वैचारिक अनुयायी हैं। इस अवसर पर उनके एवं उपस्थित गणमान्यों द्वारा गुरुदेव सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।









# जैस्मीन वालिया को डेट कर रहे हैं हार्दिक पांड्या?

☐ भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और ब्रिटिश सिंगर और टीवी पर्सनैलिटी जैस्मीन वालिया को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान दुबई के स्टेडियम में जैस्मीन वालिया मौजूद रहीं. मैच में जैस्मीन वालिया फ्लाइंग किस करते नजर आईं. इन सबको देखकर सोशल मीडिया पर दोनों की डेटिंग की अटकलों को हवा दी है. अब हार्दिक पांड्या और जैस्मीन वालिया ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इसके बाद दोनों की डेटिंग का हिंट मिला है. आइए देखते हैं कि इन तस्वीरों में क्या है. हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इनमें हार्दिक पांड्या बीच किनारे मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं. हार्दिक पांड्या की तस्वीरों को उनके तमाम चाहने वाले फैंस पसंद कर रहे हैं. इसके साथ ही कमेंट सेक्शन में प्यारे कमेंट कर रहे हैं. हार्दिक पांड्या काफी खुश नजर आ रहे हैं. इसके बाद कुछ ऐसा हुआ की लोगों ने फिर से कयासबाजी करना शुरू कर दिया कि वो जैस्मीन वालिया को डेट कर रहे हैं. दरअसल, हार्दिक पांड्या के पोस्ट के कुछ घंटे बाद जैस्मीन वालिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इसको लेकर लोगों ने अटकलें लगाना शुरू कीं. जैस्मीन वालिया ने जो अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वो सन बाथ लेती नजर आ रही हैं. दोनों की बीच पर की तस्वीरें देखकर ये डेटिंग का बड़ा हिंट मिला है. जैस्मीन वालिया और हार्दिक पांड्या को लेकर लोगों का कहना है कि दोनों बीच किनारे एंजॉय करने गए थे. हालांकि, दोनों की साथ में एक भी तस्वीर नहीं हैं. हार्दिक पांड्या और जैस्मीन वालिया के डेटिंग की कयासबाजी भारत और पाकिस्तान के मैच के बाद से तेज हुई है. हालांकि, दोनों का इस पर अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है.

# 37 साल बाद गोविंदा और सुनीता के रिश्ते में दरार?

☐ गोविंदा इन दिनों भले ही फिल्मों में ज्यादा नहीं नजर आ रहे हैं, लेकिन वो और उनकी पर्सनल लाइफ सोशल मीडिया पर हमेशा चर्चा का विषय रही है. कभी उनके भांजे कृष्णा के साथ बनते-बिगड़ते रिश्ते हो, कभी उनकी बीवी का उनको लेकर दिया हुआ कोई स्टेटमेंट या फिर कभी उनकी खुद की रिवॉल्वर से उनके पैर पर गोली लगना, सोशल मीडिया पर एक्टर को लेकर हमेशा बज बना रहता है. हाल ही में गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा को लेकर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है और वो खबर है कि शादी के 37 साल बाद सुनीता और गोविंदा एक दूसरे से अलग हो रहे हैं. हालांकि गोविंदा या सुनीता की टीम की तरफ से इस खबर को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है. दरअसल रेड्डिट एक ऐसी वेबसाइट है, जिस पर अक्सर सेलिब्रिटी को लेकर चटपटी गॉसिप बिना किसी फैक्ट चेक के पोस्ट की जाती हैं. इस रेड्डिट पर बीती रात एक यूजर ने एक खबर शेयर करते हुए लिखा था कि गोविंदा और सुनीता का डिवोर्स हो रहा है और इसकी वजह है



बॉलीवुड एक्टर का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर. गोविंदा 30 साल की किसी मराठी एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं. हालांकि ये खबर जिस यूजर ने पोस्ट की थी, उसने वो सुबह डिलीट भी कर दी थी. लेकिन वहां से उठाकर बिना फैक्ट चेक किए, अब ये खबर कई सोशल मीडिया हैंडल और मीडिया पोर्टल पर वायरल हो रही है. दरअसल कुछ दिन पहले एक पॉडकास्ट में गोविंदा की पत्नी सुनीता ने खुद कहा था कि वो और उनके पति एक साथ नहीं रहते. वो अपने बच्चों के साथ फ्लैट में रहती हैं, तो गोविंदा उनके घर के नजदीक वाले बंगले में रहते हैं. उनका कहना था कि दोनों के शेड्यूल मैच न करने की वजह से पति-पत्नी अलग रह रहे हैं.

# मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में अहम भूमिका



महाकुंभ की 'वायरल गर्ल' मोनालिसा इन दिनों फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में काम करने के लिए एक्टिंग सीख रही हैं. इसके साथ ही वह पढ़ाई कर रही हैं. मोनालिसा अपनी एक्टिंग क्लास और पढ़ाई के वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. उनकी तेजी से फैन फॉलोइंग बढ़ रही है और लोग उनके बारे में सबकुछ जानने के लिए उत्सुक रहते हैं. अब फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि उन्होंने पहले साउथ की किसी एक्ट्रेस को फाइनल कर चुका था लेकिन फिर मोनालिसा को कास्ट किया है. सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को फिल्म में लेने पर बातचीत की है. डायरेक्टर ने कहा है, 'मेरी फिल्म है द डायरी ऑफ मणिपुर और इसमें मुझे बहुत ही गरीब लड़की की जरूरत थी. मैं साउथ में किसी को फाइनल कर चुका था लेकिन जब मैंने मोनलिसा के वीडियोज देखे तो मुझे लगा कि मेरे कैरेक्टर के बहुत करीब है और मैंने उसे फिल्म में कास्ट करने प्लान बनाया. मैंने उसके घर पर जाकर फैमिली और उनके लोगों और समाज से मिलने के अलावा वहां के थानाध्यक्ष से परमिशन लेकर अपनी फिल्म की शुरुआत की.

मैंने उसको और उसकी फैमिली को इंदौर और उज्जैन के बीच हाईवे पर एक बंगले में रखा है. वहां पर चार टीचर हैं जो उसे पढ़ा रहे हैं और उसमें बहुत सुधार हो रहा है.' इंदौर से माला बेचने प्रयागराज पहुंची मोनालिसा की आंखों ने उसे मशहूर बना दिया. इसके बाद मोनालिसा को सब महाकुंभ की 'वायरल गर्ल' के नाम से जानने लगे. सोशल मीडिया पर हर तरफ वह छा गई. यहां तक कि उसे डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में कास्ट कर लिया.

## 2024 की मलयालम फिल्म ने अनुराग को किया इम्प्रेस



इस शानदार मलयालम फिल्म में एक्ट्रेस मंजू वारियर ने लीड निभाया है. अब इस फिल्म का हिंदी वर्जन जल्द ही हमारे बीच आने वाला है. बता दें कि प्रसिद्ध फिल्ममेकर अनुराग कश्यप मलयालम थ्रिलर फिल्म 'फुटेज' का हिंदी वर्जन लाने को तैयार हैं. इसकी जानकारी कश्यप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट से दी है. उन्होंने कहा- "मैंने 'फुटेज' का मलयालम वर्जन देखा और यह मेरे दिमाग में बस गया." साउथ इंडस्ट्री में रिलीज ये फिल्म अब पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसी पर एक्ट्रेस मंजू वारियर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि "फाउंड-फुटेज फॉर्मेट ने इस फिल्म को खास बना दिया. पूरी कहानी पात्रों को वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए बताई गई, जिससे यह बेहद रोमांचक अनुभव बन गया." फिल्म का हिंदी वर्जन फ्लिप फिल्म्स और सिनेपॉलिस के साथ साझेदारी में रिलीज होगा. ओरिजनली इस फिल्म को सेजू श्रीधरन ने डायरेक्ट किया है.

# समय रैना ने कंट्रोवर्सी के बाद खुद को किया ट्रोल

☐ कॉमेडियन समय रैना ने हाल ही में कनाडा के वैंकूवर में लाइव कॉमेडी शो किया. इस शो में उन्होंने कई मजेदार बातें की. इस बीच समय ने उनसे जुड़ी कंट्रोवर्सी को लेकर भी मजेदार अंदाज में खुद को ट्रोल कर दिया. अपने साथ हुई घटना को याद करते हुए समय ने ऑडियंस के साथ शेयर किया कि कंट्रोवर्सी होने के बाद उन्होंने अपने दोस्त तन्मय भट्ट से पूछा था कि भाई, जब कोई कांड होता है, तो भूख नहीं लगती क्या?



दरअसल अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में आए हुए कंटेस्टेंट को भद्दे सवाल पूछने की वजह से समय रैना और उनके शो में बतौर मेहमान शामिल हुए रणवीर इलाहाबादिया दोनों के खिलाफ पूरे देश में कई केस दर्ज हुए हैं. इस पूरी कंट्रोवर्सी के बाद रणवीर की तरफ से तो माफी मांगी गई, तो समय ने यूट्यूब से अपने पूरे शो के सभी एपिसोड को डिलीट कर दिया. 'इंडियाज गॉट लेटेंट' की कंट्रोवर्सी से पहले ही समय रैना अपनी 'अनफिल्टर्ड टूर' पर विदेश निकल गए थे. हाल ही में अपने स्टैंड अप कॉमेडी शो में उनकी ही तरह ट्रोलिंग की वजह से बुरे फंसे उनके दोस्त तन्मय भट के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि जब मैं तन्मय भाई से बात कर रहा था, तब मैंने उनसे पूछा कि तन्मय भाई, क्या जब इस तरह से कुछ होता है.

इस तरह का बड़ा कांड कोई करे तो क्या फिर आपको भूख नहीं लगती? तब उन्होंने कहा था कि हां सही बात है, ऐसे में भूख नहीं लगती. उनकी बात सुनकर फिर मैंने उनसे पूछा कि अगर ऐसी बात है, तो आप कैसे मोटे हो गए?' तन्मय की बातें सुनकर उनके शो में मौजूद ऑडियंस खूब हंसी. ये पहली बार नहीं है, जब समय रैना ने उनके स्टैंड अप शो में उनसे जुड़ी कंट्रोवर्सी पर बात की है. इससे पहले भी अपने शो में समय ने कहा था कि आप मेरा ये शो देखने आए, आपका शुक्रिया. इस सीरीज में ऐसे कई मौके आएंगे, जब आपको लगेगा कि मैं यहां बहुत फनी हो सकता हूं. लेकिन फिर उस समय बीयरबाइसेप्स को याद कर लेना. इस शो को समय ने ये कहते हुए ख़त्म कर दिया था कि शायद समय ही मेरा खराब चल रहा है, लेकिन ये याद रखना दोस्तों, मैं समय हूं.'

# सुष्मिता सेन शादी करने के लिए हैं बेकरार

☐ बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं. 49 साल की एक्ट्रेस की शादी को लेकर उनके तमाम चाहने वाले फैंस एक्साइटेड रहते हैं. अब सुष्मिता सेन ने अपनी शादी के प्लान को लेकर बात की है. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक फैन के सवाल के जवाब में एक्ट्रेस ने शादी करने को लेकर खुलकर बात की है. आइए जानते हैं कि सुष्मिता सेन ने शादी के सवाल पर क्या कहा है. बताते चलें कि उन्होंने रोहमन शॉल को डेट किया था लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया था.



सुष्मिता सेन ने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन में फैंस से बात की है और उनके तमाम सवालों के जवाब दिया है. इस दौरान एक फैन ने उनसे शादी करने के प्लान के बारे में पूछा. इस पर सुष्मिता सेन ने कहा, 'मैं भी शादी करना चाहती हूं. मिलना चाहिए ना कोई शादी करने के लायक. ऐसे थोड़ी होती है शादी. कहते हैं ना बहुत रोमांटिक तरीके से दिल का रिश्ता होता है, दिल तक बात तो पहुंचनी चाहिए ना, शादी भी कर लेंगे.' बताते चलें कि सुष्मिता सेन और रोहमन शॉल काफी समय तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहे हैं. दोनों के तमाम फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते थे. हालांकि, साल 2021 में दोनों का ब्रेअप हो गया था. इसके बाद भी सुष्मिता सेन और रोहमन शॉल अक्सर साथ में नजर आते हैं. गौरतलब है कि साल 2022 में सुष्मिता सेन का नाम ललित मोदी के साथ जुड़ा था लेकिन एक्ट्रेस ने इसका खंडन कर दिया था. सुष्मिता सेन ने शादी भले ना की हो लेकिन उन्होंने दो बेटियों को गोद लिया और मां होने की पूरी जिम्मेदारी उठाती हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो सुष्मिता सेन पिछली बार हॉटस्टार की वेब सीरीज 'आर्या 3' में नजर आई थीं.

# सत्यम शिवम सुंदरम...

## फिल्मी पर्दे पर भगवान शंकर के कैसे-कैसे रूप?

☐ ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है... और यही सत्यम शिवम सुंदरम है, जिसे शोमैन राज कपूर ने सन् 1978 में ही पर्दे पर उतारने की कोशिश की थी. लेकिन कुछ शिव भक्तों को फिल्म के कई सीन रास नहीं आए. फिल्म में जीनत अमान के बोल्ड दृश्यों पर आपत्ति जताई गई थी. मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा था. फिल्म में जीनत अमान ने गांव की युवती का किरदार निभाया है. उसके चेहरे पर एक तरफ से दाग है. उसके किरदार का नाम रूपा है. वह बहुत कुरूप दिखती है. लेकिन उसके किरदार की सबसे अनोखी बात ये कि वह अनन्य शिवभक्त है. वह अल्हड़ है, बिंदास है, प्रकृति प्रेमी और धार्मिक भी है. अल सुबह उठकर शिव मंदिर जाती है, भजन गाती हैं. इस हिसाब से उसका व्यक्तित्व निराला है और आंतरिक सौंदर्य से परिपूर्ण है. फिल्म में रूपा के रूप में जीनत अमान शिवलिंग से लिपट-लिपट कर पूजा-आराधना करती है. वह कृष्ण भक्ति में लीन रहने वाली मीरा की भांति दिखती है. शिवलिंग पर पवित्र जल चढ़ाती है. और मधुर तान में भक्ति गीत गाती है.राम अवध में, काशी में शिव, कान्हा वृंदावन में, दया करो प्रभु, देखू इनको, हर घर के आंगन मे राधा मोहन शरणम् सत्यम शिवम सुंदरम फिल्म में रूपा वह युवती है जो विभिन्नता में एकता में यकीन करने वाली है. उसका भक्ति दर्शन समतामूलक समाज को समर्पित है. वह भगवान शिव की वंदना करती है लेकिन साथ में राम और कृष्ण की भी. रूपा बनी जीनत अमान के किरदार के माध्यम से राज कपूर इस फिल्म में एकता की फिलॉस्फी भी पिरोते हैं- मसलन- एक सूर्य है, एक गगन है, एक ही धरती माता, दया करो प्रभु, एक बने सब, सबका एक से नाता. इस प्रकार रूपा भक्ति के रंग में सबको एक समान देखती है. वह नहीं जानती कि सुंदरता क्या है, और बदसूरती किसे कहते हैं.



# मुझे कितने गधे मिले हैं लेकिन...

## अपनी हरकतों के चलते फिर ट्रोल हुईं दिव्या अग्रवाल



बिग बॉस ओटीटी की विनर रह चुकी दिव्या अग्रवाल आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रहती हैं। कुछ वक्त पहले उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन अपूर्व पडगांवकर के साथ में शादी की थी। हालांकि इससे पहले वह कई रिलेशनशिप में रह चुकी है। अब इसी बीच दिव्या अग्रवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है। वायरल हो रही है इस वीडियो में दिव्या अग्रवाल किसी इंटरव्यू में बैठी हुई नजर आ रही है। वीडियो में वह बोलती हुई देखी जा सकती है कि "मुझे अपनी जिंदगी में जितने भी गधे मिले हैं मैंने कभी भी अपने मुंह से यह नहीं निकाला है कि ऑल मैन आर डॉग्स।" दिव्या अग्रवाल ने इस वीडियो में आगे कहा कि "मैंने ऐसा कभी भी नहीं कहा है। मैं हमेशा यही कहती हूं कि जैसा तुम करोगे वैसा ही तुमको मिलेगा। तुम्हारी भी गलती है सामने वाले की भी गलती है। मुझे पता था कि कोई एक तो किसी कोने में मेरे लिए होगा। जो मेरे लिए अच्छा होगा। जो मुझे चाहेगा।" अभिनेत्री ने आगे यह भी कहा कि "मैं उन लड़कियों में से नहीं हूं जो एक लड़की के लिए दासी बनकर बैठी रहेगी। जब वो मानेगा वो शादी करेगी। मैं तो ऐसी हूं कि नहीं करनी है अच्छी बात है। मैं मूव ऑन कर लुंगी। मेरी भी अपनी जिंदगी है।" दिव्या अग्रवाल के इस वीडियो पर अब लगातार वह ट्रोल होती हुई नजर आ रही है। दरअसल आपको बता दें कि दिव्या अग्रवाल इस वीडियो में एकदम ऐसी नजर आ रही है कि उन्होंने नशा किया हुआ है।

# 100 करोड़ की मानहानि की धमकी से डरे डायरेक्टर

☐ विक्की कौशल स्टारर 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है. फिल्म ने रिलीज के महज 10 दिनों में ही देशभर में 326 करोड़ रुपये से ज्यादा का नेट कलेक्शन कर लिया है. छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को विशेष रूप से महाराष्ट्र में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने इसकी सराहना की है. हालांकि, इसी बीच फिल्म को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है. फिल्म में दिखाया गया है, कि गणोजी और कान्होजी शिर्के ने छत्रपति संभाजी महाराज के साथ विश्वासघात किया, जिससे वे मुगल सम्राट औरंगजेब के हाथों पकड़े गए. इस पर शिर्के परिवार के वंशजों ने कड़ा ऐतराज जताया है, और फिल्म के मेकर्स के खिलाफ 100 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी है. शिर्के परिवार के वंशज लक्ष्मीकांत राजे शिर्के ने इस संबंध में निर्देशक लक्ष्मण उतेकर को कानूनी नोटिस भेजा है, और मानहानि का केस दर्ज कराने की चेतावनी दी है. इस विवाद के बाद, फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने वंशजों में से भूषण शिर्के से संपर्क किया और अनजाने में उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी रिपोर्ट्स के मुताबिक, लक्ष्मण उतेकर ने अपनी सफाई में कहा कि फिल्म में गणोजी और कान्होजी के अंतिम नाम या उनके गांव का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है. उन्होंने भूषण शिर्के से बातचीत के दौरान कहा, "हमारा मकसद किसी भी परिवार की भावनाओं को आहत करना नहीं था. हमने केवल गणोजी और कान्होजी के नाम का उल्लेख किया है, उनके उपनाम या गांव का खुलासा नहीं किया. यदि फिर भी फिल्म से किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं." छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी महारानी येसूबाई के भाई गणोजी और कान्होजी शिर्के थे, गणोजी, संभाजी महाराज के बहनोई भी थे, क्योंकि उनकी बहन राजकुंवरबाई साहेब की शादी गणोजी शिर्के से हुई थी.



> बीजेपी नेता ने ममता सरकार पर साधा निशाना

# बंगाल महिलाओं के लिए नरक

**कोलकाता.**





बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में सोमवार को एक 27 साल की महिला की मौत हो गई थी. इस मामले पर टीएमसी और बीजेपी अब आमने-सामने हैं. इसे लेकर दोनों के बीच तकरार जारी है. बीजेपी के लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार ने सीएम ममता बनर्जी पर बंगाल को महिलाओं के लिए नरक बनाने का आरोप लगाया. तो वहीं टीएमसी नेता और प्रवक्ता कुणाल घोष ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग मौत को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं. टीएमसी नेता ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर महिला के यौन उत्पीड़न करने वाले आरोप सच साबित होते हैं तो दोषियों को जंजीरों में जकड़ा जाएगा. महिला की मौत मामले पर उन्होंने कहा कि ये ट्रैफिक की समस्या थी. इसका कानून-व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है. टीएमसी नेता ने एक्स पर बीजेपी सांसद के तीखे हमलों का जवाब दिया.

बता दें कि पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले चुनाव से पहले यह मामला काफी तूल पकड़ रहा है. पिछले साल अगस्त में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या का मामले को लेकर भी बीजेपी लगातार टीएमसी पर हमलावर है. बीजेपी टीएमसी पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाती रही है.

बीजेपी नेता के आरोपों पर टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर पलटवार किया. उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि महिला का यौन उत्पीड़न हुआ था. बीजेपी पर हमलावर टीएमसी नेता ने अज्ञात लोगों पर ऐसी कहानी "प्लांट" करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यह मामला गंभीर है.

### ममता पर निशाना

बीजेपी नेता सुकांत मजूमदार ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट कर सीएम ममता बनर्जी पर हर दिन महिलाओं के खिलाफ होने वाले भयानक अपराधों और न्याय करने के बजाय चुप रहने और अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सरकार में बंगाल में महिलाएं, अस्पताल हो या हाईवे, कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं.

# पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक

> वेटिकन में जमा हुए हजारों लोग

**फ्रांसिस्को.**

पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हजारों लोग सेंट पीटर स्क्वायर में एकत्रित हुए और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस, जो फेफड़े में गंभीर संक्रमण से जूझ रहे हैं, पिछले 11 दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। वेटिकन में दूसरे सर्वोच्च पद पर आसीन कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन ने इस अवसर पर 45 मिनट तक चली प्रार्थना सभा का नेतृत्व किया।

पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हजारों लोग सेंट पीटर स्क्वायर में एकत्रित हुए और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस, जो फेफड़े में गंभीर संक्रमण से जूझ रहे हैं, पिछले 11 दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। वेटिकन में दूसरे सर्वोच्च पद पर आसीन कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन ने इस अवसर पर 45 मिनट तक चली प्रार्थना सभा का नेतृत्व किया।



सोमवार रात को सर्दी और बारिश के बीच प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें लोगों ने पोप के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। वेटिकन द्वारा जारी किए गए स्वास्थ्य बुलेटिन में बताया गया कि हाल के दिनों की तुलना में पोप की स्थिति में सुधार हुआ है। प्रार्थना सभा में शामिल रोमानिया के रॉबर्ट पिएत्रो ने कहा, "उन्हें परेशानी में देखना दुखद है।"

डॉक्टरों के अनुसार, खून की जांच में संकेत मिले हैं कि पोप फ्रांसिस के गुर्दे में शुरुआती स्तर की समस्या देखी गई है, हालांकि उनकी स्थिति अब भी नियंत्रण में है।

डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जा रहा है, हालांकि रविवार को उन्होंने लोगों से संवाद किया और प्रार्थना सभा में भी शामिल हुए। डॉक्टरों ने आगाह किया था कि फ्रांसिस के लिए सबसे बड़ा खतरा 'सेप्सिस' हो सकता है, जो रक्त संक्रमण की एक गंभीर स्थिति है। हालांकि, वेटिकन द्वारा जारी अब तक की चिकित्सा रिपोर्टों में 'सेप्सिस' के लक्षण या इसकी शुरुआत का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

# बांग्लादेश में छात्र नेता नाहिद इस्लाम का इस्तीफा

> करेंगे नई शुरुआत

**ढाका.**



बांग्लादेश में आम चुनाव को लेकर अभी कोई हलचल नहीं है, लेकिन वहां की अंतरिम सरकार के सूचना सलाहकार नाहिद इस्लाम ने मंगलवार को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है. उनके बारे में कहा जा रहा है कि वह नई पार्टी के जरिए राजनीति में शामिल होने जा रहे हैं. नाहिद इस्लाम पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए देशभर में चले छात्र आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख छात्र नेताओं में से एक था. वह एक छात्र नेता हैं जिन्होंने बांग्लादेश के डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यभार संभाला था.

मुख्य सलाहकार यूनुस को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद नाहिद इस्लाम ने संवाददाताओं से कहा, "मैंने 3 दिन बाद 28 फरवरी को लॉन्च होने वाली नई राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के लिए कैबिनेट से इस्तीफा देने का फैसला किया है." शेख हसीना को पद से हटाने के लिए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र और अन्य लोग पार्टी शुरू करने के लिए 28 फरवरी को ढाका के माणिक मिया एवेन्यू में एक भव्य रैली की तैयारी कर रहे हैं.

नाहिद इस्लाम उन युवा नेताओं में से एक था जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन में भाग लिया था. इससे पहले 13 फरवरी को अवामी लीग और उसके कई सहयोगी संगठनों के प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ नारे लगाए थे. प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया, यूनुस पद छोड़ो, हमें न्याय चाहिए, हमें शेख हसीना चाहिए".

इन प्रदर्शनकारियों में से एक प्रदर्शनकारी ने कहा,डॉक्टर मोहम्मद यूनुस आतंकवादियों की मदद से सत्ता पर कब्जा करने वाले एक अवैध और नाजायज व्यक्ति हैं. हमारे संविधान के मुताबिक, शेख हसीना अभी भी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने आतंकवादियों की मदद से उन्हें (उनके पद से) हटा दिया. लेकिन अगली बार, हम चुनाव चाहते हैं. लोग शेख हसीना को फिर से चुनेंगे."

# डिंपल यादव ने लोहे की जंग से की सीएम योगी के कपड़ों की तुलना?

**नई दिल्ली.**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का मेला जारी है और आज यानी 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के अवसर पर आखिरी अमृत स्नान किया जाएगा। महाकुंभ मेले को लेकर प्रदेश की सियासत भी गर्माई हुई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यूपी की कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव कथित तौर पर योगी सन्यासी महंत के कपड़ों को लेकर तंज कस रही हैं। इस वीडियो को हाल-फिलहाल में दिए गए बयान की तरह शेयर किया जा रहा है। सजग टीम की पड़ताल में यह वीडियो पुराना पाया गया।

जितेंद्र प्रताप सिंह नाम के एक्स हैंडल से वीडियो को शेयर कर लिखा गया है, 'डिंपल यादव जी बता रही हैं कि योगी सन्यासी महंत के कपड़े जंग लगे हुए रंग की तरह होते हैं। भगवा को जंग लगे लोहे जैसा बता रही हैं ओर भगवा हटाने का कह रही हैं। क्या कहा जाए ऐसी सोच को।'

# मध्य प्रदेश पर प्रकृति की खास कृपा–सीएम मोहन यादव

**भोपाल.**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्ट समिट के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की. वहीं इस समिट के समापन समारोह में सीएम मोहन यादव ने संबोधित किया. इस दौरान सीएम यादव ने कहा कि भारत का स्वर्णिम काल से गुजर रहा है.

अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, "प्रधानमंत्री देश को आगे लेकर जा रहे हैं और गृहमंत्री उनके कदम से कदम मिलाकर देश को आगे लेकर जा रहे हैं. हमनें रीजनल इन्वेस्टर समिट की संभाग स्तर पर शुरुआत की. कल तक 22 लाख 50 हज़ार करोड़ का निवेश के प्रस्ताव मिले हैं. अब तक हुए रीजनल समिट को मिला लिया जाए तो 30 लाख करोड़ के एमओयू हुए हैं. सीएम मोहन यादव ने कहा, "प्रकृति ने मध्य प्रदेश पर विशेष कृपा की है.

हमारे यहां पर्याप्त पानी है, जमीन है, निवेश के अनुकूल कानून व्यवस्था है. पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार का निवेश अनुकूल वातावरण है. पीएम मोदी ने कई क्षेत्रों में मध्य प्रदेश के विकास के प्रयासों को सराहा है.सीएम मोहन यादव ने भाषण के दौरान ने कहा,मध्य प्रदेश सरकार के संकल्प के बलबूते पर देश-विदेश के उद्योगपतियों ने अपने मन की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए लगातार मध्य प्रदेश के साथ जुड़ने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए हमारी हौसला अफजाई की है.

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगे कहा, "मुझे इस बात की खुशी है कि जब हमने व्यापक रोडमैप बनाने का प्रयास किया तो हमने सुधार लाने की कोशिश भी की, जिसमें सिंगल विंडो सिस्टम, कलेक्टर के यहां उद्योग प्रकोष्ठ ताकि निवशकों को अनावश्यक परेशानी न हो और अपने काम को सरलता से करने में आगे बढ़ सके.

# पूर्व सर्जन पर 300 मरीजों का रेप करने का आरोप

**फ्रांस.**



फ्रांस से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. दरअसल एक पूर्व सर्जन ने 300 मरीजों का दुष्कर्म करने की बात कबूली है. इस सर्जन का नाम है- जोएल ले स्कूआर्ने, उम्र 74 साल है. सर्जन पर 30 सालों तक करीब 300 मरीजों, जिनमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं, के यौन शोषण का आरोप है. वेन्स की अदालत में सोमवार को सुनवाई के पहले दिन स्वीकार किया कि उसने घिनौने काम किए हैं और वो अपनी जिम्मेदारी लेने को तैयार है. पूर्व सर्जन को दोषी पाए जाने पर 20 साल तक की जेल की सजा हो सकती है. इसके अलावा वह 2020 में दुष्कर्म और बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए जाने के बाद से 15 साल की सजा काट रहा है.

पुलिस ने 2017 में बॉरदॉ के उत्तर में स्थित जोंजैक में स्कूआर्ने को गिरफ्तार किया था. उनके घर से 3 लाख से अधिक बाल यौन शोषण की तस्वीरें और वीडियो बरामद हुई थीं. इसके अलावा, उनके फर्श के नीचे से कुछ जीवन-आकार की गुड़ियाएं भी मिलीं.

स्कूआर्ने पर आरोप है कि उसने 1989 से 2014 तक, फ्रांस के पश्चिमी हिस्से और ब्रेटनी क्षेत्र के 12 से अधिक निजी और सार्वजनिक अस्पतालों में अपने मरीजों के साथ घिनौने अपराध किए. लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 2005 में बाल यौन शोषण सामग्री रखने के आरोप में उसे 4 महीने की निलंबित सजा दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद काम करने दिया गया.

डॉक्टरों की निगरानी करने वाली संस्था 'ल'ऑर्ड्रे दे मेदसां' और फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्रालय को इस सजा के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. बता दें कि अधिकत्तर पीड़ितों को याद ही नहीं कि डॉक्टर ने उनके साथ क्या-क्या किया था. दरअसल, डॉक्टर अधिकत्तर शोषण उस दौरान किए जब बच्चे बेहोशी के हालत में रहते थे.

# पंजाब से नई पारी का आगाज करेंगे केजरीवाल?

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और नई दिल्ली सीट अरविंद केजरीवाल की हार के बाद अब उनके सियासी भविष्य को लेकर चर्चाएं हो रही हैं. केजरीवाल अपनी नई पारी का आगाज पंजाब से कर सकते हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि वे पंजाब से राज्यसभा जा सकते हैं. हालांकि अब तक इस बात को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है और पंजाब के ज्यादातर आम आदमी पार्टी के नेता, प्रवक्ता और सरकार के मंत्री इस बात को नकार रहे हैं.

सूत्रों के अनुसार कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा की जगह ले सकते हैं. वहीं संजीव अरोड़ा उप-चुनाव के जरिए राज्य की राजनीति में एंट्री कर सकते हैं. खबरें हैं कि संजीव अरोड़ा आगामी लुधियाना पश्चिम सीट से विधानसभा उप-चुनाव लड़ सकते हैं. लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट विधायक गुरप्रीत गोगी के अकस्मात निधन की वजह से खाली हुई है. संजीव अरोड़ा पंजाब के एक बड़े बिजनेसमैन है और लुधियाना से भी संबंध रखते हैं. अरविंद केजरीवाल के साथ भी उनकी काफी नजदीकी मानी जाती है.

पंजाब विधानसभा का सत्र जारी है और इस मामले को लेकर पंजाब की राजनीति भी गरमा गई. जिसके बाद पंजाब सरकार के मंत्रियों और पार्टी के प्रवक्ताओं की फौज इस खबर का खंडन करने के लिए सामने आ गई. अरविंद केजरीवाल को पंजाब के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा की सीट खाली करवा कर राज्यसभा भेजे जाने की खबरों को आम आदमी पार्टी ने नकार दिया है.

# भाजपा शासन में असम की अर्थव्यवस्था हुई दुगुनी

> मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा शासन में असम की अर्थव्यवस्था दोगुनी होकर 6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि यह "डबल इंजन" सरकार के काम का नतीजा है। इसके अलावा, रिलायंस के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने असम 2.0 शिखर सम्मेलन में घोषणा की कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगले पांच वर्षों में असम में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, कई विशेषज्ञ भारत की तीव्र वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने इस आत्मविश्वास का श्रेय भारत की युवा और तेजी से कौशल प्राप्त करने वाली आबादी, इसके नए मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षाओं और देश के 140 करोड़ लोगों से राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता के लिए समर्थन को दिया।

# डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई का मणिपुर दौरा

**मणिपुर.**



भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक(डीजीएमओ ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने 24 और 25 फरवरी को मणिपुर का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा (आईएमबी ) की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और राज्य में चल रहे सीमा बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया. इस दौरान डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, राज्य सुरक्षा सलाहकार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की. उन्होंने भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की और राज्य व सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा स्थिति का आकलन किया. बैठक में सीमा प्रबंधन को मजबूत करने और सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई.

लेफ्टिनेंट जनरल घई ने "समग्र सरकारी दृष्टिकोण" पर जोर दिया, ताकि केंद्र और राज्य के सभी विभाग मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बना सकें. चर्चा का मुख्य बिंदु मणिपुर में सुरक्षा की स्थिति को सामान्य बनाना, सीमा प्रबंधन को और मजबूत करना तथा सुरक्षा ढांचे को उन्नत करना रहा. लेफ्टिनेंट जनरल घई की यात्रा ने मणिपुर में स्थिरता और लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक पहलों को लागू करने के लिए सैन्य और राज्य के अधिकारियों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर जोर दिया. इस बीच मंगलवार 25 फरवरी को राज्य के तीन जिलों में लोगों ने 15 हथियार पुलिस को सौंपे. कि इन हथियारों को हिंसा के दौरान पुलिस और अर्धसैनिक बलों से छीना गया था.

# आप के 21 विधायक 3 दिनों के लिए सस्पेंड

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र काफी हंगामेदार रहा है। सत्र के दूसरे दिन ही उपराज्यपाल के अभिभाषण को डिस्टर्ब करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के सभी मौजूद 21 विधायकों को 3 दिनों के लिए यानी 28 फरवरी तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया। अब पार्टी के ये विधायक सोमवार तक सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। आप के सिर्फ एक विधायक अमानतुल्लाह खान सस्पेंड नहीं हुए क्योंकि वह सदन में मौजूद ही नहीं थे। इस बीच सत्र की अवधि को 2 दिनों तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अब ये सत्र 1 मार्च तक चलेगा।

दिल्ली की बीजेपी सरकार ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 14 रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा, जिन्हें आम आदमी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार ने संसदीय परंपराओं को धता बताते हुए कभी विधानसभा में पेश ही नहीं होने दिया। इन रिपोर्ट्स में पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान की गईं कथित वित्तीय अनियमितताओं का ब्यौरा दर्ज है।

# कांग्रेस पर प्रीति जिंटा इतना क्यों भड़क गईं?

**नई दिल्ली.**



अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह 10 साल पहले लिये लोन का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी पर भड़कती और फेक न्यूज को बढ़ावा देने का आरोप लगाती नजर आईं. उन्होंने पार्टी से कहा कि उन्हें इस कृत्य के लिए शर्म आनी चाहिए. एक्स हैंडल केरल कांग्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, "उन्होंने (प्रीति जिंटा) अपने सोशल मीडिया अकाउंट भाजपा को दे दिये और 18 करोड़ रुपये माफ करवा लिये . पिछले हफ्ते बैंक को नुकसान हुआ और अब जमाकर्ता अपने पैसों के लिए सड़क पर आ गए हैं."

केरल कांग्रेस की पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए प्रीति जिंटा ने कांग्रेस को जमकर लताड़ लगाई. उन्होंने लिखा, "नहीं, मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट खुद ही चलाती हूं और आपको फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए शर्म आनी चाहिए! किसी ने मेरे लिए कुछ भी नहीं लिखा या कोई लोन नहीं लिया." अभिनेत्री ने किसी पार्टी द्वारा फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए हैरानी जताई. उन्होंने आगे लिखा, "मैं हैरान हूं कि कोई राजनीतिक पार्टी या उनका प्रतिनिधि मेरे नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करके फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहा है और बेबुनियाद गपशप और क्लिकबैट में लिप्त है.

मामले को स्पष्ट करते हुए अभिनेत्री ने आगे लिखा, "रिकॉर्ड के लिए एक लोन लिया गया था, जो पूरी तरह से चुका दिया गया था और इस बात को 10 साल से भी ज्यादा समय हो चुका है. उम्मीद है कि यह स्पष्ट हो जाएगा और मदद करेगा ताकि भविष्य में कोई गलतफहमी न हो." बता दें, प्रीति जिंटा को लेकर हाल ही में खबर आई कि न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक की तरफ से उनके 18 करोड़ रुपये माफ कर दिए गए.

दरअसल, न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक को कुछ समय पहले ही अनियमितताओं के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिससे ग्राहकों को उनके पैसे मिलने में दिक्कत हुई. उस समय ऐसी खबरें सामने आई थीं कि बैंक ने नियमों का पालन किए बिना कुछ लोगों को बड़ा कर्ज दिया था और उनके कर्ज भी माफ कर दिए थे. बताया गया कि इस सूची में अभिनेत्री प्रीति जिंटा का भी नाम था.

# महाराष्ट्र सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत बढ़ाया

### 17 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद

**मुंबई.**

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में पांचवें वेतन आयोग के अपरिवर्तित वेतनमान के तहत 12 प्रतिशत की वृद्धि की, जो एक जुलाई 2024 से प्रभावी होगी।सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, 443 प्रतिशत से संशोधित 455 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान फरवरी 2025 के वेतन के साथ नकद किया जाएगा, जिसमें 1 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक का बकाया भी शामिल है।राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डीए बढ़ोतरी से लगभग 17 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि महंगाई भत्ते के वितरण के संबंध में मौजूदा प्रक्रियाएं और प्रावधान भविष्य में भी लागू रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि संशोधित महंगाई भत्ते पर व्यय सरकारी कर्मचारियों के लिए संबंधित वेतन और भत्ते के मद में आवंटित बजटीय प्रावधानों से पूरा किया जाएगा। अनुदान प्राप्त संस्थाओं और जिला परिषद कर्मचारियों के लिए व्यय को उनकी वित्तीय सहायता के लिए निर्दिष्ट उप-शीर्षों के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा।

